दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665

अंक 02/123 | जयपुर | 22 मई /2025 | गुरुवार | मूल्य रु. 5 | पृष्ठ: 04

टोंक कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

मेल आने के साढ़े 5 घंटे बाद भी नहीं पहुंचा डॉग स्क्वॉड-बम निरोधक दस्ता

टोंक। टोंक कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मंगलवार सुबह करीब 10 बजे अज्ञात बदमाश ने कलेक्टर की ऑफिशियल ई-मेल पर दी। धमकी को लेकर हड़कंप मच गया। यह खबर जैसे स्टाफ को मिली तो इधर-उधर भाग छूटे। हालांकि उस समय कलेक्टर समेत बड़े अधिकारी ऑफिस नहीं पहुंचे थे। कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने सभी कर्मचारियों सुरक्षित बाहर निकलने के निर्देश देते हुए इसकी सूचना एसपी और उच्च अधिकारियों को दी। बम को डिफ्यूज करने के लिए कलेक्टर ने उच्च अधिकारियों से बम निरोधक दस्ता, डॉक स्क्वायड भेजने की मांग की। लेकिन कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी के निर्धारित टाइम दोपहर 3.30 बजे तक भी बम निरोधक दस्ता,

डॉग स्क्वॉड नहीं आया।

हालांकि इसकी सूचना मिलने के 10-15 मिनट बाद सुबह करीब 10.15 बजे एएसपी गीता चौधरी, डीएसपी राजेश विधार्थी मय जाप्ते के कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह से खाली करवाकर छानबीन की गई। सिविल डिफेंस की टीम ने भी चप्पे-चप्पे में तलाशी ली। जैसे ही कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने का टाइम (3.30 बजे) हुआ तो उसके 15-20 मिनट पहले ही सभी पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर निकल गए। सभी अधिकारी और पुलिस जाप्ता भी कलेक्ट्रेट के बाहर रोड किनारे खड़े रहे। उधर शाम करीब 4 बजे कलेक्टर डॉ.सौम्या झा भी मौके पर पहुंची और कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर से ‹ष्ठरू रामरतन सौकरिया समेत अन्य अधिकारियों से बातचीत की। दिनभर का फीडबैक लिया। इस दौरान ‹ष्ठरू सौकरिया ने बताया कि करीब सुबह 10 बजे जिला प्रशासन की आधिकारिक ई-मेल पर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। उस समय कलेक्टर समेत बड़े अधिकारी नहीं थे। कलेक्टर अन्य आफिशियली कार्य में व्यस्त थी।

सीकर की गीता सामोता ने माउंट एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा: बोलीं-

पहाड़ लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करते, सीआईएसएफ की पहली महिला विजेता बनी

सीकर।

राजस्थान के सीकर जिले की बेटी और सीआईएसएफ की उप-निरीक्षक गीता समोता ने 19 मई को 8,849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया। गीता सीआईएसएफ की पहली महिला अधिकारी बनीं, जिन्होंने %दुनिया की छत% को फतह किया। साधारण परिवार में जन्मी गीता ने चार बहनों के बीच पारंपरिक ग्रामीण परिवेश में अपना बचपन बिताया। एक होनहार हॉकी खिलाड़ी रहीं गीता को चोट ने खेल से दूर कर दिया, लेकिन उनके हौसलों ने पर्वतारोहण की राह दिखाई।

सीआईएसएफ में शुरू हुआ पर्वतारोहण का सफर

2011 में सीआईएसएफ में शामिल होने के बाद गीता ने पर्वतारोहण को अपने जुनून का हिस्सा बनाया। 2015 में ITBP के औली प्रशिक्षण संस्थान में वे एकमात्र महिला प्रतिभागी थीं। 2017 में उन्नत पर्वतारोहण प्रशिक्षण पूरा कर वे CISF की पहली कर्मी बनीं। 2019 में उन्होंने माउंट सतोपंथ और माउंट लोबुचे फतह कर CAPF की पहली महिला पर्वतारोही का खिताब हासिल किया।

चार महाद्वीपों की चोटियां फतह

गीता ने 'Seven Summits' चुनौती में छह महीने 27 दिनों में चार महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियां फतह कीं। इनमें ऑस्ट्रेलिया का माउंट कोसियस्ज़्को, रूस का माउंट एल्ब्रस, तंजानिया का माउंट किलिमंजारो और अर्जेंटीना का माउंट एकॉनकागुआ शामिल हैं।

सम्मान और भविष्य की योजना

उन्हें दिल्ली महिला आयोग का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार 2023 और नागरिक उड्डयन मंत्रालय का Giving Wings to Dreams Award 2023 मिला है। गीता का मानना है कि पहाड़ लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करते। केवल मेहनत और जुनून शिखर तक ले जाता है। उनकी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर CISF ने 2026 में एवरेस्ट के लिए एक समर्पित पर्वतारोहण दल भेजने की योजना बनाई है।

◆ ब्रीफ बॉक्स

फिर लौट रहा कोविड: मुंबई में 2 कोरोना पॉजिटिव की मौत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई के केईएम अस्पताल में दो कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि, डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इधर, एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं।

आईबी के प्रमुख तपन कुमार डेका का कार्यकाल एक साल बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार आईबी के चीफ तपन कुमार डेका का कार्यकाल 1 साल के बढ़ाया गया है। 20 जून को मंत्रालय ने आदेश जारी किया है। डेका हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 जून, 2025 से आगे एक साल की अवधि के लिए इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक के रूप में डेका की सेवा में विस्तार को मंजूरी दे दी है।

727 रुपए गिरकर 93,058 पर आया सोना, चांदी भी गिरी

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने-चांदी के दाम में मंगलवार 20 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 727 गिरकर 93,058 पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 93,785 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 801 कम होकर 94,954 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,755 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

सेंसेक्स 873 अंक गिरकर हुआ बंद, निफ्टी 24700 के नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव के साथ लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुरुआती बढ़त गंवाकर बेंचमार्क सूचकांक नीचे फिसल गए। बीएसई सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर आ गया।



विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र में बोले पीएम मोदी

‘स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता पर निर्भर है’



नई दिल्ली, एजेंसी

पीएम नरेंद्र मोदी ने जेनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है।

उन्होंने कहा कि हमारी आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसमें 580 मिलियन लोग शामिल हैं और इनको मुफ्त इलाज प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को शामिल करने के लिए बनाया गया है। भारत के पास हजारों स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का नेटवर्क है। वे कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच और पता लगाते हैं। हजारों सार्वजनिक फार्मासिस्ट बाजार मूल्य से बहुत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराते हैं।

समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल विश्व स्वास्थ्य सभा का विषय स्वास्थ्य के लिए एक विश्व है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण से मिलता जुलता है। जब मैंने 2023 में इस सभा को संबोधित किया था, तो मैंने एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है।

टीकाकरण को ट्रैक करने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म

पीएम मोदी कहा कि स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए तकनीक एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक साबित हो सकता है। भारत के पास गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। लाखों लोगों के पास एक अनूठी डिजिटल स्वास्थ्य पहचान है। यह हमें लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रहा है। टेलीमेडिसिन के साथ कोई भी डॉक्टर से बहुत दूर नहीं है। हमारी नि:शुल्क टेलीमेडिसिन सेवा ने 340 मिलियन से अधिक परामर्शों को सक्षम किया है।

हमारी सेना ने आतंकियों का जड़ से सफाया किया, पाकिस्तान की सेना घुटनों पर आई : राजनाथ सिंह

लखनऊ, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में डॉ. केएनएस मेमोरियल अस्पताल के कार्यक्रम में कहा कि हम सीमा पार आतंकियों का इलाज करते हैं। एक महीने पहले इस कार्यक्रम में आने की सहमति दी थी। परिस्थितियों की वजह से लग नहीं रहा था कि आना संभव होगा। आतंकवाद के खिलाफ हमारी सेना ने बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया किया।

उन्होंने कहा- सेना ने कुशल सर्जन की तरह काम किया है। बड़ी सटीकता के साथ आतंकवाद की जड़ पर प्रहार किया है और पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया। सेना ने सिर्फ आतंकवाद पर प्रहार किया। नागरिक क्षेत्रों में स्ट्राइक नहीं की। सैनिक और डॉक्टर समान हैं। दोनों नागरिक की रक्षा करते हैं। उनका समर्पण और सेवा वंदनीय है।

25 साल बाद सपना साकार... रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज एक अलग सी अनुभूति पीड़ा और वेदना के साथ हो रही है। 25 साल पहले इस केएनएस अस्पताल की शुरुआत करते हुए डॉ. केएम सिंह से प्रभावित हुआ था। आज पच्चीस साल बाद उनका सपना साकार हो रहा है। अमेरिका में वे अच्छा जीवन जी रहे थे पर उन्होंने सेवा का पेशा चुना और ब्रेन ड्रेन नहीं ब्रेन गेन का उदाहरण पेश किया। 1997 में उनकी मां का देहान्त इलाज के अभावों में हो गया। व्यक्तिगत दुख कई लोगों को तोड़ देता है। डॉ सिंह ने दिखाया कि इसे प्रेरणा के रूप में लिया जा सकता है। रक्षामंत्री ने कहा कि जीवन शैली की वजह से कई बीमारियां पैदा हो रही हैं। हमें सोचना होगा। भारत डायबिटीज के मरीजों की राजधानी बन गया है।

कर्नाटक में बोले राहुल गांधी...

‘1 लाख लोगों को मिला घरों का मालिकाना हक’

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को कर्नाटक के विजयनगर में समर्पण संकल्प रैली में पहुंचे। कार्यक्रम में उन्होंने 1 लाख 11 हजार 111 लोगों को घर के मालिकाना हक के डिजिटल डॉक्यूमेंट सौंपे।

पीएम पर कसा तंज... राहुल ने कहा- हमने चुनाव के समय कर्नाटक की जनता से वादे किए थे। तब नरेंद्र मोदी और भाजपा के लोगों ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी ये काम नहीं कर पाएगी। लेकिन हमने करके दिखाए। उन्होंने आगे कहा- कर्नाटक सरकार आज 1 लाख परिवारों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देने जा रही है। जो इंदिरा गांधी का सपना था, उसको पूरा करने के लिए हमने बड़ा कदम लिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा...

‘प्रधानमंत्री मोदी चाहते तो आतंकी हमला नहीं होता’

श्रीनगर, एजेंसी

क्या बोले खड़गे... कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- अगर आप चाहते तो लोगों को वहां जाने रोक देते, तो 26 जिंदगियां बच सकती थीं और ये छोटा युद्ध (ऑपरेशन सिंदूर) भी नहीं होता। भारतीय वायु सेना ने कहा है कि भारत के पास इतनी ताकत है कि वह पाकिस्तान के किसी भी हिस्से को निशाना बना सकता है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कर्नाटक के विजयनगर में कहा- पीएम मोदी कश्मीर इसलिए नहीं गए, क्योंकि इंटेलिजेंस एजेंसियों ने उन्हें वहां जाने से मना किया था। आपने (केंद्र सरकार) टूरिस्ट्स से पहलगाम जाने से मना क्यों नहीं किया?

तेलंगाना में ट्रक-बस की टक्कर में 4 लोगों की मौत, 17 घायल

विकाराबाद, एजेंसी

तेलंगाना के विकाराबाद जिले में ट्रक और बस की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। करीब 17 लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक, बस में सवार लोग शाहबाद में एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी उनकी बस सीमेंट से भरे ट्रक से टकरा गई।

मृतकों के शवों को पीएम के लिए भेजा... हादसे में घायलों को हैदराबाद के अलग-अलग हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

किशनगंज में पैसेंजर ट्रेन के इंजन में आग

किशनगंज, एजेंसी

आनन-फानन में बोगियों से निकले यात्री

किशनगंज में मंगलवार को पैसेंजर ट्रेन (75720) के इंजन में आग लग गई। हादसे की जानकारी लगते ही ट्रेन में मौजूद यात्री बोगियों से बाहर निकले। देखते ही देखते 5 मिनट के अंदर पूरी ट्रेन खाली हो गई। ट्रेन सिलीगुड़ी से मालदा जा रही थी। हादसा किशनगंज-कटिहार रेल डिवीजन के गायसल रेलवे स्टेशन पर हुआ। जो किशनगंज से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर है। किशनगंज आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज एचके शर्मा ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अग्निशमन टीम के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है।

ट्रेन में 1500 यात्री सवार थे... इस ट्रेन में लगभग 1500 यात्री सवार थे और इसमें लगभग 500 यात्री किशनगंज के थे। रेलवे के कर्मचारी और फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से 1 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगा।

परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एमआर श्रीनिवासन नहीं रहे; 95 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली, एजेंसी

परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पद्म विभूषण से सम्मानित श्रीनिवासन ने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनके निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि उनका निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है।



सुप्रीम कोर्ट का राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

`हर जिले में नियुक्त करें संरक्षण अधिकारी...’

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे जिला और तालुका स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की पहचान करें और उन्हें संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त करें। सरक्षण अधिकारी का काम घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और सत्येश चंद्र शर्मा की बेंच ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और महिला एव बाल/समाज कल्याण विभागों के सचिवों को निर्देश दिया कि वे घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अधिकारियों की संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्ति सुनिश्चित करें।

छह हफ्तों के भीतर पूरी की जाए प्रक्रिया

मीडिया के जरिए करें घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों का प्रचार... शीर्ष कोर्ट ने कहा, वे अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, अधिनियम के तहत सेवाओं का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों को लागू करने के लिए मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे और धारा 11 के तहत अपने दायित्वों को निभाने के लिए कदम उठाएंगे। बेंच ने निर्देश दिया कि जहां संरक्षण अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां यह प्रक्रिया छह हफ्तों के भीतर पूरी की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवा प्रदाता, सहायता समूह और आश्रय गृह पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध हों।

आसिम मुनीर का प्रमोशन, पाकिस्तानी सेना प्रमुख से फील्ड मार्शल बने

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने मंगलवार को यह फैसला लिया। मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ ऑपरेशन बुनयान-उम-मार्सूस के दौरान आर्मी को लीड करने की वजह से किया गया। पाकिस्तान में आसिम मुनीर से पहले 1959 में सैन्य तानाशाह अयूब खान ने खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर दिया था।

अब फाइव स्टार जनरल का दर्जा... फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक मानी जाती है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है।

जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का गहराता संकट

योगेश कुमार गोयल

शोधकर्ताओं का पृथ्वी पर जैव विविधता के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं जबकि कुछ अन्य कारणों में दूसरे जानवरों का हमला और बीमारियां शामिल हैं। हालांकि उपग्रहों से मिली तस्वीरों के आधार पर शोधकर्ताओं का मानना है कि धरती के ऐसे बीस फीसद हिस्से की जैव विविधता को बचाया जा सकता है, जहां अभी पांच या उससे कम बड़े जानवर ही गायब हुए हैं लेकिन इसके लिए मानव प्रभाव से अछूते क्षेत्रों में कुछ प्रजातियों की बसावट बढ़ानी होगी ताकि पारिस्थितिकीय तंत्र में असंतुलन पैदा न हो।

मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर जैव विविधता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और जीव-जंतुओं, वनस्पतियों इत्यादि की अनेक प्रजातियां तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। जीव-जंतु और वनस्पति ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं लेकिन प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। अनेक शोधों से यह चिंताजनक तथ्य सामने आ चुका है कि पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका के चलते धरती का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित रह गया है। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने तथा धरती पर मौजूद जंतुओं और पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को एक खास थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का इस वर्ष का विषय है □□प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास□□, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक प्रतिबद्धताओं को रेखांकित करता है बल्कि जैव विविधता और सतत विकास के बीच गहरे अंतसंबंध को भी उजागर करता है।

अमेरिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकताओं का मानना है कि अगले पांच दशकों में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रत्येक तीन में से एक यानी एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकताओं ने दुनियाभर के छह सौ स्थानों पर पांच सौ से ज्यादा प्रजातियों पर एक दशक तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 44 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकताओं इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनियाभर में कई प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। ब्रिटेन स्थित □□स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर□□ के मुताबिक विश्व के केवल 2.7 प्रतिशत हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी मौजूद हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 प्रतिशत क्षेत्र को ही संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ये जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे।

□□इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर□□ (आइयूसीएन) एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके विलुप्त होने की संख्या तथा दर में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने करीब एक लाख पैंतीस हजार प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया था। आइयूसीएन के अनुसार नौ सौ से ज्यादा जैव प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और 37 हजार से ज्यादा प्रजातियों पर विलुप्त होने का संकट मंडरा रहा है। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ क्राइम रिपोर्ट के मुताबिक वन्यजीवों की तस्करी भी दुनिया के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरी है। रिपोर्ट के मुताबिक सर्वाधिक तस्करी स्तनधारी जीवों की होती है। वन्यजीव तस्करी में 22 प्रतिशत तस्करी के मामले रेंगने वाले जीवों के और 10 प्रतिशत पक्षियों के होते हैं जबकि पेड़-पौधों की तस्करी का हिस्सा 14.3 फीसद है। 'स्टेट ऑफ वर्ल्ड बर्ड्स' नामक एक रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि दुनिया में पक्षियों की करीब 39 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या स्थायी है और मात्र 6 प्रतिशत प्रजातियां ही ऐसी हैं, जिनकी संख्या बढ़ रही है, जबकि 48 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। पक्षियों की प्रजातियों की संख्या में गिरावट को भारत के संदर्भ में देखें तो भारत में जहां 14 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं केवल 6 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या ही स्थिर है जबकि 80 प्रतिशत प्रजातियां कम हुई हैं। इनमें से 50 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में भारी गिरावट और 30 प्रतिशत प्रजातियों में कम गिरावट दर्ज की गई है। सालाना पक्षी गणना में अब प्रतिवर्ष पक्षियों की संख्या और विविधता में गिरावट आ रही है, जिसका बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और जंगलों का कटना है। उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में पक्षियों पर हुए शोध के नतीजे भी चौंकाने वाले हैं। वहां वन क्षेत्रों में मानवीय दखल, वनों की कटाई और तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों की संख्या में 60-80 प्रतिशत तक की कमी आई है।

पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक जैव विविधता के क्षरण का सीधा असर भविष्य में कृषि, खाद्य पैदावार इत्यादि पर पड़ेगा। इसलिए पृथ्वी पर जैव विविधता को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी है कि हम पर्यावरणीय संतुलन को न बिगड़ने दें। वैज्ञानिकों का कहना है कि जिस प्रकार जंगलों में अतिक्रमण, कटाई, बढ़ता प्रदूषण और पर्यटन के नाम पर गैर जरूरी गतिविधियों के कारण पूरी दुनिया में जैव विविधता पर संकट मंडरा रहा है, वह पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का स्पष्ट संकेत है और यदि इसमें सुधार के लिए शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में बड़े नुकसान के तौर पर इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। विकास के नाम पर यदि वनों की कटाई बदस्तूर जारी रही और जीव-जंतुओं तथा पक्षियों से उनके आवास छीने जाते रहे तो ये प्रजातियां धरती से एक-एक कर लुप्त होती जाएंगी और भविष्य में इससे पैदा होने वाली भयावह समस्याओं और खतरों का सामना समस्त मानव जाति को ही करना होगा।

बहरहाल, शोधकताओं का पृथ्वी पर जैव विविधता के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं जबकि कुछ अन्य कारणों में दूसरे जानवरों का हमला और बीमारियां शामिल हैं। हालांकि उपग्रहों से मिली तस्वीरों के आधार पर शोधकताओं का मानना है कि धरती के ऐसे बीस फीसद हिस्से की जैव विविधता को बचाया जा सकता है, जहां अभी पांच या उससे कम बड़े जानवर ही गायब हुए हैं लेकिन इसके लिए मानव प्रभाव से अछूते क्षेत्रों में कुछ प्रजातियों की बसावट बढ़ानी होगी ताकि पारिस्थितिकीय तंत्र में असंतुलन पैदा न हो। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ रही गर्मी से भी जैव विविधता खतरे में पड़ी है। जैव विविधता पर संकट यदि इसी प्रकार मंडराता रहा तो धरती से प्राणी जगत का खात्मा होने में सैकड़ों साल नहीं लगने वाले।

जिला कलक्टर ने किया उपखंड नीमराणा का दौरा मनरेगा, उप- स्वास्थ्य केंद्र, अटल सेवा केंद्र, आंगनबाड़ी, पशु स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं तहसील कार्यालय मांढ़ण का किया निरीक्षण

पेयजल, विद्युत आपूर्ति निर्बाध सुनिश्चित करने के दिए आदेश, आमजन से लिया सुविधाओं का फीडबैक

आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता प्राथमिकता से सुनिश्चित करें अधिकारी-जिला कलक्टर

मरुधर विशेष

कोटपूतली-बहरोड़, 21 मईद्य जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को उपखंड नीमराणा की तहसील मांढण का दौरा कर विभिन्न राजकीय संस्थानों एवं विकास कार्यों का जायजा लिया व अधिकारियों को आमजन के हितार्थ सजगता से कार्य करने के निर्देश प्रदान किए. इस दौरान जिला कलक्टर ने तहसील मांढण के ग्राम माजरा में मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया एवं श्रमिकों से वार्ता कर प्राप्त होने वाली दैनिक मजदूरी, किए जाने वाले कार्य, कार्यस्थल पर भोजन, पेयजल सहित गर्मी के मध्यनजर छाया में बैठने की उचित व्यवस्था पर फीडबैक प्राप्त किया. उन्होंने इस दौरान माजरा एवं डाबडवास के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया. उन्होंने मौसमी बीमारियों के मध्यनर पर्याप्त दवा भंडार, निशुल्क जांच एवं दवा योजना, सफाई

व्यवस्था, चिकित्सको एवं कार्मिकों की उपस्थिति को देखा व बेहतर स्वास्थ्य सेवाए देने एवं इसके संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए. जिला कलक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर चिकित्सकों के व्यवहार, दी जा रही चिकित्सा व अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया, जिसपर संतोषजनक फीडबैक देते हुए मरीजों ने मिल रही सुविधाओं की जानकारी दी. जिला कलेक्टर ने चिकित्सकों को सरकार की कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी आने वाले मरीजों व उनके परिवारजनों को देते हुए लाभ देने को कहा. उन्होंने सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया. जिला कलक्टर ने माजरा बस स्टैंड पर भामाशाहों द्वारा प्याऊ लगाकर राहगीरों को पानी पिलाने के कार्य की सराहना करते हुए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा.

इसके पश्चात जिला कलक्टर ने क्षेत्र में पेयजल सप्लाई व्यवस्था कि जानकारी प्राप्त कर आवश्यक स्थानों पर टैंकर द्वारा पेयजल सप्लाई (टीओडब्लयू) का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को टैंकर की नियमित साफ-सफाई, जीपीएस ट्रैकिंग, गर्मी के मद्देनजर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत लाइन दुरुस्त करने, विद्युत सप्लाई हेतु किए जा रहे विकास कार्यों में गति लाने, आमजन की विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए.

इसके पश्चात जिला कलक्टर ने ग्राम नानगवास में आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर दर्ज बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता, शिक्षा-सामग्री की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित गतिविधियों की जानकारी ली तथा बच्चों के समग्र विकास पर जोर दिया।

उन्होंने पशु स्वास्थ्य उप केंद्र, नानगवास का निरीक्षण कर पशु चिकित्सा अधिकारी से केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की एवं केंद्र पर आने वाले पशु पालकों को राजकीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए.

जिला कलक्टर ने इस दौरान तहसील कार्यालय मांढण का निरीक्षण कर अधिकारियों से कार्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं अनुभागों की जानकारी लेते हुए संधारित दस्तावेजों और रजिस्टरों की जांच की एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए. उन्होंने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो। उन्होंने तहसील के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की एवं लंबित गिरदावरी का कार्य समय पर पूर्ण करते हुए पोर्टल पर अपडेट करने, कार्यालय पत्राचार पूर्ण रूप से ई- फाइलिंग के माध्यम से करने, संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने एवं कार्यालय में आगंतुकों व आमजन से संवेदनापूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए. उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्यालयों व आवासों पर पक्षियों हेतु परिंडे लगाते हुए आमजन को भी प्रेरित करने को कहा. साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत गिगलाना में अटल सेवा केंद्र का निरीक्षण कर आमजन को उपलब्ध ई-मित्र सुविधाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए. इस दौरान उपखंड अधिकारी नीमराना महेंद्र सिंह, तहसीलदार मांढण सुमित भारद्वाज एवं बीडीओ नीमराना ओमप्रकाश निर्मल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

गूगलकोटा में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत एकदिवसीय कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मरुधर विशेष

नीमराना (सुनील मेघवाल) नीमराना उपखंड क्षेत्र के गूगलकोटा गांव में बुधवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत एक दिवसीय कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।गूगलकोटा कृषि पर्यवेक्षक बाबूलाल जाट ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी और प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताया ।रोडवाल कृषि पर्यवेक्षक बाबूलाल ने विभागीय योजनाएं जैसे तारबंदी ,फार्म पॉन्ड ,गोवर्धन जैव उर्वरक योजनाओं के बारे में बताया गया ।कृषि पर्यवेक्षक जोनायचा कलां संजू यादव ने भी प्राकृतिक खेती में काम आने वाले संसाधनों व कृषि आदानों की जानकारी दी ।कार्यक्रम के दौरान सरपंच श्याम सुंदर यादव ने भी प्राकृतिक खेती को अपनाने व कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों से अपील की। इस कार्यक्रम में गांव के लगभग 75 किसानों ने भाग लिया जिसमें करण सिंह, जगदीश सिंह ,दिनेश सिंह, तेजपाल सिंह ,ग्राम विकास अधिकारी जतिन मौजूद रहे।

कोटपूतली विधानसभा में सड़क निर्माण के कार्यो को मिलेगी गति 35 किमी लम्बी 23 सड़कों के लिये 10 करोड़ रूपयों की राशि स्वीकृत

विधायक पटेल ने जताया मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार

कहा :- क्षेत्र का आधारभूत ढ़ांचा होगा मजबुत, विकास कार्यो को लगेगें पंख

मरुधर विशेष

कोटपूतली, विधायक हंसराज पटेल के प्रयासों से राज्य सरकार ने कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में मिसिंग लिंक व नॉन पेचेबल श्रेणी की 35 किमी लम्बी विभिन्न 23 सड़कों के निर्माण कार्य हेतु 10 करोड़ रूपयों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। उपरोक्त स्वीकृति पर विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व पीडब्ल्यूडी मंत्री डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उक्त सडक़ों के निर्माण से क्षेत्र का आधारभूत ढ़ांचा मजबुत होगा एवं विकास कार्यो को नये पंख लगेगें। जिससे आमजन को काफी सुविधा होगी, आवागमन में आसानी होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत अन्य कार्यो को भी गति मिल सकेगी।

निम्न सड़कों का होगा निर्माण :- इनमें ग्राम गोनेड़ा में खटाना की ढ़ाणी से मुर्गी फॉर्म तक 01 किमी लम्बी सड़क के लिये 35 लाख, मल्लाला की ढ़ाणी से हांसियावास तक 02 किमी लम्बी सड़क के लिये 85 लाख, द्वारिकपुरा स्टैण्ड से भड़ाज श्री कृष्ण गौशाला तक 02.60 किमी लम्बी सड़क के लिये 01.10 करोड़, राजमार्ग से कल्याणपुरा खुर्द 01 किमी सड़क के लिये 24 लाख, भालोजी से बसई तक 1.5 किमी लम्बी सड़क के लिये 37.50 लाख, पनियाला तिराहा से बींजाहेड़ा तक 1.5 किमी लम्बी सड़क के लिये 37.50 लाख, गोनेड़ा से टोड़ी तक 1.5 किमी लम्बी सड़क के लिये 37.50 लाख, पनियाला से खेड़की मुक्कड़ तक 01 किमी लम्बी सड़क के लिये 25 लाख, चिमनपुरा से गोलियां की ढ़ाणी वाया खेड़ा निहालपुरा 02 किमी लम्बी सडक़ के लिये 50 लाख, नीमकाथाना मार्ग से पदमा की ढ़ाणी सीमा तक 01 किमी लम्बी सड़क के लिये 25 लाख, खड़ब से डोईयों की ढ़ाणी 1.70 किमी लम्बी सडक़ के लिये 37.50 लाख, नारेहड़ा से धंवाली की ओर 01 किमी लम्बी सड़क के लिये 25 लाख, दांतिल से पुठाला 02 किमी लम्बी सड़क के लिये 45 लाख, चोटिया देवता सड़क से रामनगर की ओर 600 मीटर लम्बी सडक़ के लिये 15 लाख, कल्याणपुरा स्टैण्ड से भूतों की ढ़ाणी बाबा भैंरू मंदिर तक 1.5 किमी लम्बी सड़क के लिये 35 लाख, आर जे 32 होटल से राजकीय स्कूल पूतली तक 1.5 किमी लम्बी सड़क के लिये 37 लाख, राजमार्ग से करवास तक 03 किमी लम्बी सड़क के लिये 75 लाख, नवरंगपुरा सड़क से कांकरिया की ढ़ाणी तक 01 किमी लम्बी सड़क के लिये 45 लाख, बुचारा से ढ़ाणी चौटक्या राजकीय स्कूल तक 01 किमी लम्बी सड़क के लिये 44 लाख, मलपुरा स्कूल से लाल कोठी तक 01 किमी लम्बी सड़क के लिये 35 लाख, चावड़ा की ढ़ाणी से दायमा की ढ़ाणी तक 02 किमी लम्बी सड़क के लिये 70 लाख, शिव भट्टा से खम्भो की ढ़ाणी तक 01.75 किमी लम्बी सड़क के लिये 70 लाख रूपयों की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बालाजी चौक से झाड़ली वाया रामसागर, मोहनदासवाली व भूरी भड़ाज 02 किमी लम्बी सड़क के लिये 02 करोड़ रूपयों की राशि भी स्वीकृत की है।

भिवाड़ी में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई, चार अवैध क्लीनिक किए सीज

मरुधर विशेष

मोहम्मद शकील/विजय सिंह भिवाड़ी । खैरथल - तिजारा जिला कलक्टर किशोर कुमार के निर्देश पर बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाड़ी की उपस्थिति में डॉ.अरविन्द गेट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल - तिजारा, डॉ.मनोज कुमार यादव खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी तिजारा, डॉ.सागर अरोड़ा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय भिवाड़ी एवं विष्णु डीसीओ के संयुक्त दल ने भिवाड़ी शहर में अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से संचालित चार क्लीनिकों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए खान क्लीनिक, डॉ.साहिल क्लीनिक , कुशवाहा दांतों का अस्पताल,अनिता क्लीनिक को सीज किया गया है। सीएमएचओ गेट ने आमजन से की अपील,बीमार होने पर राजकीय अस्पताल से अथवा राज्य सरकार में पंजीकृत चिकित्सालयों से ही आवश्यक जांच करवाकर दवा लेवे जहां पर राज्य सरकार में पंजीकृत डिग्रीधारी चिकित्सक उपस्थित रहते है। सीएमएचओ की इस कार्रवाई से अवैध क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मच गया, सीएमएचओ डॉ.अरविंद गेट ने बताया अवैध क्लिनिक संचालकों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

अवकाश लेकर जाने वाले चिकित्सकों को नोटिस देने वाला आरसीएचओ स्वयं फील्ड विजिट के नाम पर कार्यालय से रहता है गायब

सीएमएचओ ने कार्यालय से गायब रहने वाले आरसीएचओ को कारण बताओं दिया नोटिस

मरुधर विशेष

मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल । अवकाश लेकर जाने वाले चिकित्सकों को नोटिस देने वाला डॉ. हेमन्त कुमार डागर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल- तिजारा स्वयं फील्ड विजिट का सहारा लेकर कार्यालय से रहता है गायब। डॉ अरविंद गेट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल- तिजारा ने कार्यालय से गायब रहने वाले डॉ. हेमन्त कुमार डागर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल- तिजारा को

बुधवार को कारण बताओं नोटिस दिया है। दिए गए नोटिस में बताया गया कि डॉ. हेमन्त कुमार डागर आरसीएचओ जिला खैरथल - तिजारा बिना किसी अवकाश स्वीकृति के कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं और जब दूरभाष पर वार्ता के दौरान आएं दिन आरसीएचओ के द्वारा बताया जाता है कि फील्ड विजिट पर है। जिसका इंद्राज भ्रमण पंजिका में भी दर्ज नहीं है। जो की राजकार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शा रहा है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. हेमन्त कुमार डागर ने 23 फरवरी 2024 से अब तक कुल 26 फील्ड विजिट की हैं। जिसमें तिजारा में 11, कोटकासिम में 7, किशनगढ़बास में 7 और मुंडावर में 1 विजिट शामिल है। सीएमएचओ डॉ अरविंद गेट ने राजस्थान सिविल सेवा अपील एवं वर्गीकरण 1958 के नियम 17 सीसीए के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाने हेतु डॉ. हेमन्त कुमार डागर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल- तिजारा को नोटिस जारी किया है और नोटिस मिलने के दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

डॉ. नवनीत शर्मा ने सीएचसी गोलूवाला में गर्मी से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, हीटवेव से बचाव को लेकर दिए दिशा-निर्देश

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) गोलूवाला में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने गर्मी एवं लू (हीटवेव) से बचाव हेतु की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी में वार्ड व बैड्स की व्यवस्था, कूलर, पंखे, एसी, विभिन्न स्थानों पर मरीजों व आमजन के लिए की गई पानी की व्यवस्था एवं सीएचसी में उपलब्ध दवाइयों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्थाओं को जांचा-परखा जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को

सीएचसी गोलूवाला द्वारा गर्मी के मौसम में मरीजों एवं आमजन के लिए की रही व्यवस्थाओं की जांच की गई। उनके साथ सीएचसी इंचार्ज डॉ. चिराग मोदी ने संयुक्त रूप से सीएचसी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण अभियान के तहत सर्वप्रथम गर्मी के मरीजों के रिजर्व वार्ड का निरीक्षण किया गया। कार्मिकों को वार्ड की नियमित साफ-सफाई रखने के लिए पाबंद किया गया। सीएचसी में सभी पंखों एवं एसी की नियमित जांच, वार्ड में लगे कूलरों में दिन में दो या तीन बार पानी बदलने के निर्देश दिए। वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को हीट वेव से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान दवाइयों की

जानकारी, ओपीडी विंग, आईपीडी विंग, डीडीसी, दैनिक रिपोर्टिंग, मटकों-कैम्पर एवं वाटर कूलर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। स्टाफ को अलर्ट मोड पर एवं ड्रेस में रहने के लिए पाबंद किया गया। स्टाफ को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में विभाग द्वारा किसी को भी छुट्टियां नहीं दी जाएंगी। डॉ. नवनीत शर्मा ने वार्ड में उपचाराधीन मरीजों से बात की और मिल रहे उपचार के लिए बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सीएचसी में मोर्चरी का निरीक्षण किया तथा वहां बॉडी स्टोरेज बनाने के संबंध में चिकित्सकों से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी में मरीजों को पर्याप्त छाया, ठंडा पानी, ओआरएस, तथा तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक दवाइयों और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डॉ. शर्मा ने कहा, हीटवेव के दौरान जनमानस को सचेत करना आवश्यक है। स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त तैयारी होनी चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके उन्होंने लू से बचाव हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

प्लेटफॉर्म गिग वर्कर्स के लिए ई-श्रम पंजीयन विशेष अभियान, 30 मई तक लगेंगे ब्लॉकवार शिविर

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा राज्य के श्रम विभागों के सहयोग से प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स के लिए 21 से 30 मई 2025 तक विशेष राष्ट्रव्यापी पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिलेभर में ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्रम कल्याण अधिकारी श्री देवेंद्र मोदी ने बताया कि ज़ोमैटो, स्वीगी, ओला, ऊबर, रेडियो, अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, ई.कार्ट, अर्बन कंपनी आदि जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य करने वाले गिग वर्कर्स इस विशेष अभियान के तहत ई-श्रम पोर्टल पर निःशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं।

श्री मोदी ने बताया कि पंजीकरण के लिए श्रमिक की आयु 16 से 59 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हो। साथ ही, वह ईपीएफओ या ईएसआईसी का सदस्य न हो और आयकरदाता भी न हो। शिविर में पंजीकरण के लिए श्रमिकों को आधार कार्ड, पैन कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा लाभ मिलेगा।

ब्लॉकवार पंजीकरण शिविर स्थल

श्री मोदी ने बताया कि नोहर में रेगर धर्मशाला के पास निर्मला इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, रानी बाजार स्थित नौकरी प्वॉइंट, हनुमानगढ़ में एस.पी. ऑफिस के पास दुकान नं. 183 गोयल ई-मित्रा, सूरतगढ़ बाईपास के चुंगी नं. 8 स्थित डिजिटल सेवा केंद्र, संगरिया के नगरपालिका कार्यालय स्थित कमल ई-मित्रा, सीएससी एकेडमी सेंटर, टिब्बी सरकारी अस्पताल के पास नेशनल ई-मित्रा, तलवाड़ा झील स्थित हरीश डिजिटल्स, रावतसर के सिहाग कॉम्प्लेक्स स्थित चौधरी सीएससी एकेडमी, एमडब्ल्यू होटल के पास चौधरी ई-मित्रा सेंटर, भादरा के दरिया सिंह प्लाजा श्री श्याम सीएससी सेंटर, दाउद कटला स्थित भाटी ई-मित्रा सीएससी सेंटर, पीलीबंगा में बैंक ऑफ इंडिया के पास गुरूबाज ई-मित्रा, खेत्रपाल मंदिर के पास वार्ड नं. 12 में अभिनव ई-मित्रा पर पंजीकरण शिविर आयोजित होंगे।

बांठिया ने उमरलाई में हुई घटना पर जताया दुःख

मृतक के परिजनों से मिल कर बधाया ढांढस

मरुधर न्यूज

हीराराम सेजू बालोतरा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया ने बुधवार को क्षेत्र के मुगड़ा,ढंढ,उमरलाई, मूल की ढाणी सहित अन्य गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य बांठिया ने उमरलाई गांव के लाखाराम देवासी के घर जाकर गत दिनों में उसके जीजाजी के निधन के बाद उसके घर पर तीये की बैठक के दौरान हुए हादसे के बारे जानकारी ली।इस दौरान बांठिया ने ग्रामीणों व परिजनों से बात कर विधुत विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर उचित आश्वासन दिया।परिजनों ने बताया कि

टेंट के नीचे शोकसभा में शामिल होने आए लोग बैठे हुए थे।टेंट के ऊपर से गुजर रही बिजली की केबल अचानक टूटकर गिर गई। टेंट के लिए लगे पाइपों में करंट दौड़ गया।इस दौरान 9 लोग करंट की चपेट में आ गए।उसके बाद बांठिया ने घटना में मृतक अमराराम (70) पुत्र पूसाराम के निवास स्थान पर जाकर उसके परिजनों को ढाढ़स बधाया व श्रदांजलि अर्पित की।बांठिया ने राजकीय नाहटा अस्पताल में डॉक्टरों से भी मिलकर घटना में घायलों के बारे में जानकारी ली।

तिरंगा यात्रा में आने का किया आव्हानः

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांठिया ने विभिन्न गांवों में जाकर 25 मई को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होने का ग्रामवासियों से रूबरू होकर आने का आव्हान किया।बांठिया ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सफलता के बाद देश के तीनों सेनाओं के जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग ले।

दुबई शेयर बाजार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

राजस्थान पुलिस ने भी रखा हुआ है ईनाम

मरुधर न्यूज

रेवाड़ी (अमित सैनी) आर्थिक अपराध शाखा रेवाड़ी ने दुबई शेयर बाजार में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रेवाड़ी जिले के गांव टांकड़ी निवासी व वर्तमान में जयपुर के खातीपूरा स्थित चांद विहार नगर में रह रहे रणधीर सिंह के रूप में हुई है। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार 31 मार्च को महेंद्रगढ़ जिले के गांव धनोंदा निवासी जिलेसिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, सेक्टर-4 रेवाड़ी में रहने वाले वेदप्रकाश ने उससे उधार पैसे लिए थे,

जिस दौरान उनकी जान-पहचान हुई। वेदप्रकाश ने बताया कि उसने दुबई में एक कंपनी रजिस्टर कराई है, जिसमें रणधीर सिंह, जयसिंह और अन्य लोग निदेशक हैं। इन लोगों ने दुबई में निवेश कर दो वर्षों में राशि दोगुनी करने का प्रलोभन दिया।

झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर लगभग 3 करोड़ रुपये निवेश किए। बाद में यह सामने आया कि इन लोगों ने देशभर के दर्जनों निवेशकों को इसी तरह ठग लिया है। आरोपियों के परिवार के सदस्य भी इस ठगी में शामिल पाए गए हैं। इन पर हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। शिकायत पर माडल टाउन थाना, रेवाड़ी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। सोमवार को आर्थिक अपराध शाखा ने जयपुर से आरोपी रणधीर सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रणधीर सिंह पर पहले से ही यूपी के इंदिरापुरम, हरियाणा के पानीपत सिटी और राजस्थान के शिवदासपुरा थाने में ठगी के मामले दर्ज हैं। राजस्थान पुलिस ने उस पर ?2000 का इनाम भी घोषित कर रखा था।

पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

बानसूर उप जिला अस्पताल में श्रंद्धाजलि सभा, डॉक्टर की मौत पर रखा मौन, विधायक, डॉक्टर सहित नर्सिंग कर्मियों ने किया शोक व्यक्त

मरुधर न्यूज

बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर ।उप जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गोकुल गिठाला के असामयिक निधन पर विधायक देवी सिंह शेखावत ने गहरा शोक व्यक्त किया। मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में डॉ. गिठाला की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद आज विधायक शेखावत अपने कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुंचे और दिवंगत डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. गोकुल गिठाला बानसूर क्षेत्र में अपनी निःस्वार्थ सेवा और बच्चों के उपचार में विशेषज्ञता के लिए जाने जाते थे। उनकी मृत्यु की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक देवी सिंह शेखावत ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, "डॉ. गिठाला का निधन न केवल

चिकित्सा जगत के लिए, बल्कि पूरे बानसूर समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी सेवा और समर्पण हमेशा याद किया जाएगा।" शेखावत ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे, जिन्होंने भी डॉ. गिठाला को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष पवन यादव, उपाध्यक्ष शशिकांत बोहरा, एडवोकेट नवीन यादव, राकेश सिंघल, रामानंद दिक्षित, नेकीराम जांगीड़,कर्ण सिंह यादव,कर्ण ओला समेत अनेक लोग उपस्थित रहे

जल जीवन मिशन निदेशक श्री कमर उल जमान चौधरी ने किया मसीतावाली हैड और संबंधित नहरों का निरीक्षण

जल जीवन मिशन की प्रगति समीक्षा बैठक, निदेशक ने कार्यों में गुणवत्ता और गति लाने के दिए निर्देश

मरुधर न्यूज

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) जल जीवन मिशन एवं ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की समीक्षा को लेकर बुधवार को वृत कार्यालय, हनुमानगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जल जीवन मिशन निदेशक श्री कमर उल जमान चौधरी (आईएएस) ने की। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत योजनाओं की वर्तमान प्रगति, ग्रीष्मकालीन पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, समर कंटीजेंसी, नहरबंदी, कलक्टर कंटीजेंसी एवं बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई।

श्री चौधरी ने मिशन से जुड़े शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और स्वास्थ्य केंद्रों पर जल्द से जल्द पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराना सुनिश्चित

किया जाए। साथ ही, जल पाइपलाइन बिछाने के दौरान ग्राम पंचायत की क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की समयबद्ध मरम्मत करने के निर्देश भी दिए गए। मिशन निदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं को तेजी से और सतर्कता के साथ पूरा करें। किसी भी स्तर पर कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के बाद श्री चौधरी ने जिला कलक्टर श्री काना राम से जिले की पेयजल स्थिति को लेकर चर्चा की। इसके उपरांत उन्होंने मसीतावाली हैड और संबंधित नहरों का निरीक्षण किया तथा जल जीवन मिशन के कार्यस्थलों का भी दौरा किया।

इस अवसर पर चुरू अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राममूर्ति चौधरी, हनुमानगढ़ अधीक्षण अभियंता श्री विजय कुमार वर्मा, अधिशाषी अभियंता श्री मनिन्द्र गोदारा एवं श्री हेमन्त सोनी, अधिशाषी अभियंता नोहर श्री लाल बहादुर गोदारा, अधिशाषी अभियंता भादरा श्री प्रकाश चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

गोगामेड़ी स्टेशन का पुनर्विकास पूर्ण, आज प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 14.06 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिकीकरण

मरुधर न्यूज

हनुमानगढ़,(प्रभु राम) उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल के अंतर्गत गोगामेड़ी स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूर्ण हो चुका है। इस स्टेशन का आधुनिकीकरण अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया है, जिसकी लागत 14.06 करोड़ रुपए आई है। 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का उद्घाटन करेंगे। वर्चुअल उद्घाटन को लेकर स्थानीय नागरिकों में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि बीकानेर मंडल मेंगोगामेड़ी सहित 23 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य लगभग 825 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इनमें बीकानेर, लालगढ़, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जैसे स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों के विकास में स्थानीय कला का समावेश किया गया है, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत भी संरक्षित रहे। बीकानेर मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक राज कुमार स्वर्णकार अनुसार गोगामेड़ी स्टेशन का पुराना भवन काफी छोटा होने के कारण यात्रियों के लिए पर्याप्त स्थान की कमी बनी हुई थी, साथ ही यात्री सुविधाओं का भी अभाव था। नए कार्यों में स्टेशन बिल्डिंग का नवीनीकरण, प्रवेश और निकास द्वार पर पोर्च का निर्माण,सर्कुलेटिंग एरिया का बेहतर विकास, और पार्किंग व्यवस्था का सुधार शामिल है। इस पुनर्विकास से अब स्टेशन पर यात्रियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो गया है। इसके अलावा स्टेशन में टिकट सुविधा, बड़ा वेटिंग हॉल, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म शेल्टर, और दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इन स्टेशनों पर लिफ्ट, एस्केलेटर, वेटिंग रूम, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही, सौर ऊर्जा का 40 किलोवाट का प्लांट भी लगाया गया है, जो ऊर्जा की बचत में मदद करेगा।

ढाणी बड़गुर्जर वाली दौलतसिंहपुरा में शिव भोले बाबा का भंडारा एवं रागनी कंपटीशन आयोजित

मरुधर न्यूज

नीमराना(सुनील मेघवाल) नीमराना नगर पालिका क्षेत्र के ढाणी बड़गुर्जर वाली दौलतसिंहपुरा में बुधवार को शिव भोले बाबा का दूसरा विशाल भंडारा एवं रागनी कंपटीशन आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों के द्वारा शिव भोले बाबा के परिवार मंदिर में हवन यज्ञ कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान शिव भोले बाबा का प्रसाद श्रद्धालुओ ने पंगत में

बैठकर लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथि किन्नर गुरु मधु शर्मा की टीम एवं मेघवाल विकास समिति ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अशोक पनवाल, रामनिवास सामरिया, एडवोकेट जय किशन नवीन बाला मौजूद रहे ।कार्यक्रम के दौरान शिव भोले बाबा की महिमा का संजय पटेल एंड पार्टी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कंचन यादव, प्रज्ञा हुड्डा ने शिव भोले बाबा की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को झूमने को मजबूर कर दिया। किन्नर खुशी शर्मा, मनीषा मरजानी के द्वारा जमकर डांस की प्रस्तुति पेश की गई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन राम अवतार गुरुजी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर रनसिंह, पूर्ण चंद हवलदार, सिंह राज, महेश व्याख्याता, सुभाष डॉक्टर ,अशोक, भीम सिंह, सुनील ,धर्मचंद ,वीरेंद्र ,नरेश सहित सभी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद रहे

बूंदी जिले केशोरायपाटन सुनील मेघवाल संवाददाता

केशवरायपाटन पंचायत समिति पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

मरुधर न्यूज

केशवरायपाटन । पंचायत समिति सदस्य देवकिशन मीणा ने केशवरायपाटन पंचायत समिति पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भ्रष्टाचार की तख्ती देकर देवकिशन मीणा बैठक को छोड़कर बाहर निकल गए। पंचायत समिति सदस्य देवकिशन मीणा ने बताया कि मेरे क्षेत्र में विकास कार्य में भेदभाव किया जा रहा है। देवकिशन मीणा ने पंचायत समिति पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और बोर्ड बैठक से बाहर चले गए। पंचायत समिति सदस्य अर्जुन बैरवा ने इंदरपुरिया से भीया सड़क पर लगाए गए विद्युत पोल का विरोध किया। सड़क के पास खंबे लगाने से बड़ा हादसा हो सकता है। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पंचायत समिति सदस्य अर्जुन बैरवा ने बताया कि जिला कलेक्टर को व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दे चुके हैं। बैठक में विधायक सीएल प्रेमी, प्रधान वीरेंद्र सिंह ,विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह हाड़ा, कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भावना सिंह, विद्युती विभाग, जलदाय विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने किया कोष कार्यालय (ट्रेजरी)का निरीक्षण

मरुधर न्यूज

कोटपूतली- बहरोड़, 21 मईद्य जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिला कोष कार्यालय (ट्रेजरी) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। रामेश्वर प्रसाद शर्मा उपकोषाधिकारी ने जिला कलक्टर को कोषालय के विभिन्न मॉड्यूल यथा IFMS 3.0 एवं राजकोष आदि पर कार्य किये जाने का परिचय देकर बिलों के पारित व आक्षेप करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। जिला कलक्टर ने कोषालय की सम्पूर्ण कार्य प्रणाली सहित साफ सफाई एवं स्वच्छता पर संतोष व्यक्त किया। जिला कलेक्टर ने कोषाधिकारी कार्यालय के कई अनुभागों का अवलोकन कर रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया और अधिकारियों को लंबित मामलों को जल्द निपटाने और व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। जिला कोषाधिकारी अशोक वर्मा ने जिला कलेक्टर को ट्रेजरी के डबल लॉक स्ट्रांग रूम की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

बहतुकला थाना पुलिस ने फायरिंग के मामले में मुख्य आरोपी को तीन दिवस में किया गिरफ्तार

मरुधर न्यूज

कठूमर (दिनेश लेखी)। बहतुकला थाना पुलिस ने गत दिनों भनोखर में युवक पर फायरिंग के मामले में तीन दिवस में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि 17 मई को परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने दोस्तों के साथ गांव भनोखर में शादी में गया था कि बसेठ की ओर से तीन बाइक पर सात आठ जने आये और परिवादी खुशीराम मीणा पर देशी कट्टे से फायर कर दिया गोली जांघ पर लगी।और जांघ के आर-पार हो गई। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए रामराज उर्फ पंछी गुर्जर उम्र 28 साल निवासी कासगंज को गिरफ्तार कर लिया।

बूंदी जिले केशोरायपाटन मेघवाल संवाददाता

केशोरायपाटन चार दिन के बाद भी कस्बे में हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

मरुधर न्यूज

दिनदहाड़े दोपहर एक बजे केशोरायपाटन भगत सिंह कॉलोनी निवासी राकेश सेन के घर पर चोरी की वारदात हुई। 7 से 8 लाख का सोना, चांदी के पाजेब, बिछिया और नगद लेकर फरार हो गए। राकेश जब घर पर आया तो उसने इसकी रिपोर्ट पुलिस थाना केशोरायपाटन में कार्रवाई। पुलिस प्रशासन ने उसे समय मुस्तैदी दिखाते हुए आसपास के सभी सीसीटीवी

कैमरा से चोरों के फुटेज प्राप्त किए।चोरों की स्पष्ट फुटेज प्राप्त होने के बाद भी अभी तक पुलिस प्रशासन के द्वारा उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया एवं माल की बरामदगी नहीं हुई है। इस चोरी से पूरा परिवार सदमे में चला गया है।सीसीटीवी फुटेज में चोर की साफ फोटो दिखाई देने के बाद भी चोरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सभी मोहल्ले वासियों, समाज बंधुओ एवं नगरवासियों में रोष व्याप्त है।परिवार जनों का कहना है कि यदि शीघ्र ही चोरों को पड़कर आभूषण बरामद नहीं किए गए तो परिवार द्वारा न्याय के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।कस्बे में गत समय में और भी चोरियां हुई है जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला

अहमदाबाद (एजेंसी)। आईपीएल में गुरुवार को गुजरात टाइटंस की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला करेगी। टाइटंस की टीम पहले ही प्लेऑफ में पहुंच गयी है पर उसका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल कर शीर्ष दो टीमों में अपनी जगह बनाये रखना रहेगा। गुजरात के 18 अंक हैं और अभी वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं अन्य दो टीमों है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और पंजाब किंग्स के 17-17 अंक हैं। ऐसे में शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है। अगर गुजरात ये मैच जीत जाती है तो उसके 20 अंक हो जाएंगे और वह शीर्ष पर बनी रहेगी।

गुजरात की टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज शानदार फार्म में हैं। उसके बल्लेबाज बी साइ सुदर्शन के अलावा कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर जबरदस्त फार्म में हैं। सुदर्शन ऑरेंज कैप की दौड़ में पहले नंबर पर हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो उसके गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अब तक सबसे अधिक विकेट लिए हैं और वह पर्पल कैप के दावेदार हैं। वहीं मोहम्मद सिराज और स्पिनर बी साइ किशोर ने भी प्रभावी गेंदबाजी की है।

दूसरी ओर लखनऊ की टीम प्लेऑफ्स की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर किसी प्रकार लय हासिल करना रहेगा। टीम के कप्तान ऋषभ पंत अब तक असफल रहे हैं। टीम के बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है जिससे वह लगातार संघर्ष करती दिखी है। बल्लेबाजी में मिचेल मार्श, एडेन मार्करम और निकोलस पूरन ने ही रहन बनाये हैं। मध्यक्रम के

असफल होने से उसके उम्मीद समाप्त हुई हैं। उसके गेंदबाज भी फिटनेस को लेकर परेशान रहे हैं। उसे इस मैच में अपने सफल स्पिनर दिग्वेश राठी के बिना ही उतरना होगा। राठी पर पिछले मैच में आचार संहित उल्लंघन के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगा दिय गया था।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

गुजरात टाइटन्स- शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, शेरफेन रदरफोर्ड, निशांत सिद्धू, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, आर साई किशोर, जयंत यादव, करीम जनत, बी साई सुदर्शन, दासुन शनाका, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रिसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गेराल्ड कोएट्जी, गुरनूर सिंह बरार, इशांत शर्मा, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया और राशिद खान।

लखनऊ सुपर जाएंट्स- ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर

मुम्बई (एजेंसी)। बुकित जलील (मलेशिया)- एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं।

आज यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है।

भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया।

एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

विराट अपने आक्रामक अंदाज से विरोधी टीमों पर दबाव बनाते हैं : शास्त्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अपने खेल और आक्रामक अंदाज से विरोध टीमों पर दबाव बना देते थे। शास्त्री जब भारतीय टीम के कोच थे। उसी दौरान विराट टीम के कप्तान थे। इस जोड़ी को मिलकर भारतीय क्रिकेट को आक्रामक और विजेता इकाई में बदलने के लिए जाना जाता है। शास्त्री ने कहा कि कोहली के काम करने का अंदाज उन्हें विश्व का सबसे फिट खिलाड़ी बनाता है। अपने जुनून से उन्होंनें भारतीय टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम में बदला है। वह मैदान पर केवल खेलने नहीं, बल्कि विरोधी टीम पर हावी होने और अपनी अगल शैली से भारतीय क्रिकेट के सबसे विशेष कप्तान बनने के लिए उतरते थे। कोहली हमेशा अपनी टीम के साथियों ही नहीं विरोधी टीम के खिलाड़ियों को सलाह देने के लिए भी हमेशा तैयार रहे थे। शास्त्री ने कहा कि कई बार उन्होंने दूसरी टीमो के खिलाड़ियों को भी विराट के पास आते देखा है। विपक्षी खिलाड़ी भी कोहली से सलाह लेने आते थे, और कोहली उत्साह से उनकी मदद करते थे।



शास्त्री ने कहा कि विराट की कार्यशैली का भारतीय टीम पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा। इसी कारण वह भारतीय टीम को विश्व क्रिकेट की सबसे फिट और शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम में बदलने में सफल रहे। वह विरोध टीमों के लिए डर का नाम थे पर अपने साथियों के लिए दोस्त और मार्गदर्शक। मैंने विपक्षी खिलाड़ियों को उनसे सलाह लेते देखा और विराट हमेशा मदद को तैयार रहते थे। मैंने उन्हें बेहतरीन बल्ले गिफ्ट करते देखा, क्योंकि वह असुरक्षित प्रतिस्पर्धी नहीं थे। शास्त्री का मानना है कि खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिये। वह गावस्कर और तेंदुलकर के साथ भी ड्रेसिंग रूम साझा किया पर उन्हें विराट में कुछ अलग नजर आया। उन्होंने कहा कि मुझे तुलना पसंद नहीं। मैंने गावस्कर और तेंदुलकर के बारे में सवाल सुने। मैं उनके साथ खेला हूं पर कोहली को मैंने अलग रुख से देखा है। वह क्रिकेट खेलने नहीं बल्कि खेल और मैदान पर नियंत्रण करने के इरादे से उतरते थे। उन्होंने न केवल मैच जीते हैं बल्कि भारतीय क्रिकेट को नए सिरे से संवारा है।

केकेआर ने अंतिम समय पर नियम बदले जाने पर सवाल उठाये

मुंबई (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 18 वें सत्र से बाहर होने के बाद मैच की टाइमिंग वाले नियम में बदलाव पर सवाल उठाये हैं। केकेआर प्रबंधन को कहाना है कि इससे उसने नुकसान पहुंचा है और वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी। केकेआर ने इस मामले में अपनी नाराजगी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से भी जाहिर की है। उसका कहना है कि बीसीसीआई ने प्लेइंग कंडीशन्स में एक बदलाव करते हुए मैच को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 60 मिनट दिए।

एक रिपोर्ट के अनुसार केकेआर ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर इसी बदलाव की आलोचना की है। आईपीएल के सीओओ हेमांग अमीन को लिखे ई मेल में कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, अगर में सत्र के बीच में बदलाव जरुरी थे तो वे पहले किये जा सकते थे।

वेंकी का कहना था कि अगर ऐसा विस्तार पहले किया गया होता, तो 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द नहीं होता। उन्हें लगता है कि अतिरिक्त समय की वजह से पांच ओवर का खेल हो सकता था। केकेआर ने सीईओ ने कहा, जब आईपीएल दोबारा शुरु हुआ तो 17 मई को केकेआर और आरसीबी मैच में सभी को बारिश का अंदेशा था। उन्होंने कहा कि अब लागू किए जा रहे अतिरिक्त 120 मिनट कम से कम 5 ओवर के खेल का मौका भी हमने खो दिया।

बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से केकेआर की टीम मुकाबले से बाहर हो गई। फिलहाल वे 13 मैचों में 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं और वे अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। इस सत्र उनके दो मैच बारिश के कारण रद्द हुए हैं। मैसूर ने आगे कहा, बारिश के कारण केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना समाप्त हो गई। साथ ही कहा कि इस तरह के अचानक लिए फैसले और उन्हें लागू करने में एकरुपता की कमी इस स्तर के टूर्नामेंट के लिए सहित नहीं है। मुझे भरोसा है कि आप भी समझते होंगे कि हम क्यों दुखी हैं। सिर्फ केकेआर ही नहीं, बल्कि कुछ अन्य टीमें भी इस नियम के लागू होने से खुश नहीं हैं क्योंकि नियमों में ये बदलाव उस समय हुआ, जब 70 में से 62 लीग मैच खेले जा चुके थे।

कुलदीप यादव ने पूरी की 100 आईपीएल विकेट, बनाया यह रिकॉर्ड

खेल डैस्क । दिल्ली कैपिटल्स के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने आईपीएल 2025 में एक और मील का पत्थर हासिल कर लिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुलदीप ने अपने आईपीएल करियर का 100वां विकेट लिया। यह उपलब्धि उन्हें भारत के सबसे प्रभावशाली स्पिनरों में से एक के रूप में और मजबूत करती है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस रोमांचक मुकाबले में कुलदीप ने 6.4वें ओवर में रयान रिकेल्टन को आउट कर अपने 100 विकेट पूरे किए। इस समय मुंबई का स्कोर 58/3 था, और कुलदीप की यह गेंद दिल्ली को मैच में वापस लाने में महत्वपूर्ण रही। उनकी चतुराई भरी गेंदबाजी ने रिकेल्टन को चकमा दिया, जिसके बाद वह पवेलियन लौटे। यह विकेट कुलदीप के लिए खास था, क्योंकि वह इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं और पहले ही कई बार अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को परेशान कर चुके हैं।

प्रो कबड्डी लीग नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेश खिलाड़ी शामिल, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर

ढाका । भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बंगलादेश का कबड्डी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बंगलादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। PKL नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बंगलादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में 6 बंगलादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं - मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन।

रोहित को खिलाड़ी के तौर पर इंग्लैड ले जाना चाहती थी बीसीसीआई

मुम्बई। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के इंग्लैड दौरे से ठीक पहले टेस्ट प्रारुप से अचानक संन्यास लेने के बाद ही उनके प्रशंसक हैंरान हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित को स्पष्ट रुप से बता दिया था कि वह भविष्य की योजनाओं में शामिल नहीं हैं और उन्हें केवल एक खिलाड़ी के तौर पर रखा जा सकता है। वहीं दूसरी और रोहित कप्तान रहते हुए टेस्ट सीरीज के बीच में संन्यास की घोषणा करना चाहते थे पर बीसीसीआई इसके लिए तैयार नहीं थी। रोहित इंग्लैंड दौरे पर जाना चाहते थे। वह पूर्व कपतान महेंद्र सिंह धोनी की तरह संन्या लेना चाहते थे पर जब बीसीसीसी ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया तो उनके पास संन्यास के अलावा को और विकल्प नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शर्मा अगले धोनी ने साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ही सीरीज के बीच में टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। का ऐलान किया था। हालांकि, बीसीसीआई ने रोहित शर्मा के धोनी जैसे रिटायरमेंट के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता सीरीज के दौरान निरंतरता चाहते थे। इसलिए उन्होंने रोहित से कहा कि उन्हें खिलाड़ी के तौर पर इंग्लैंड दौरे पर भेजा जा सकता है पर कप्तान के तौर पर नहीं। इसी के बाद ही रोहित ने टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर दी। रोहित ने अपने करियर के दौरान 67 टेस्ट मैच की 116 पारियों में 40.57 की औसत से कुल 4301 रन बनाए। इसमें उनके 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने इससे पहले टी-20 विश्वकप में जीत के साथह ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया था। अब वह केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलेंगे।



जिम्बाब्वे 22 साल बाद टेस्ट वापसी के लिए तैयार, इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में होगा एकमात्र मैच

नॉटिंघम (एजेंसी)। जिम्बाब्वे 22 साल के लंबे अंतराल के बाद इंग्लैंड पर टेस्ट मैच खेलेगा। वह 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में बेन स्टोक्स की टीम से एकमात्र मैच खेलेगा। इंग्लैंड नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत फ्रंट फुट पर करना चाहेगा, जबकि जिम्बाब्वे हाल ही में बांग्लादेश में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जीत के साथ इंग्लैंड में वापसी का जश्न मनाने की उम्मीद करेगा।

जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2003 में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। इससे पहले दोनों टीमें सन् 2000 (इंग्लैंड ने 1-0 से जीत हासिल की) और 1996-97 में रेड-बॉल फॉर्मेट में भिड़े थे, जहां सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुई थी। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण में तेज गेंदबाज सैम कुक को शामिल किया गया है, जिन्होंने काउंटी सीजन में शानदार प्रदर्शन और इंग्लैंड लायंस के साथ हाल ही में मिली सफलता के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेला है।

नॉटिंघमशायर के तेज गेंदबाज जोश टंग भी 2023 में एशेज में खेलने के बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। बेन स्टोक्स शीर्ष क्रम के नियमित खिलाड़ियों बेन डकेट, जो रूट, ओली पोप और हैरी ब्रूक की अगुवाई वाली टीम की अगुआई करेंगे जबकि होनहार प्रतिभाएं जेम्स रेव, जेमी स्मिथ और शोएब बशीर अपने मौके भुनाने की कोशिश करेंगे।

जिम्बाब्वे के लिए स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा टीम में शामिल हो गए हैं जबकि क्लाइव मदंडे बैकअप विकेटकीपर के रूप में लौटे हैं। तेज गेंदबाज न्यूमैन न्यामहुरी ने लेग स्पिनर विंसेंट मासेकसा की जगह ली है जिससे जिम्बाब्वे को इंग्लैंड की तेज पिचों का फायदा उठाने में मदद मिलेगी। अनुभवी क्रेग एर्विन की अगुआई में जिम्बाब्वे की टीम सीन विलियम्स और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर करेगी जो उभरती प्रतिभाओं के साथ इंग्लैंड में दो दशकों से अधिक समय से चल रहे टेस्ट मैच में प्रभाव छोड़ने का लक्ष्य रखेंगे।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली । भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी कम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।'' हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने कहा कि दीपिका सहित इससे हमारी टीम की सभी खिलाड़ियों के कोशल में सुधार आया है। इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए।

हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है : भारतीय फुटबॉल के मुख्य कोच मार्केज



कोलकाता । एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के गोलरहित ड्रॉ खेलने से निराश मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अगर उनकी टीम को महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना है तो उन्हें बहुत सुधार करने की जरूरत है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। भारतीय टीम को अपना दूसरा मैच 10 जून को हांगकांग से खेलना है। टीम ने सोमवार को अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच का जिक्र करते हुए मार्केज ने कहा कि हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है क्योंकि मुझे लगा कि टीम पिछले सत्र को छोड़कर हर फीफा विंडो में आगे बढ़ रही थी। उन्होंने कहा कि यह सच है कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए हमें कुछ अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिली। लेकिन हम अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हमें इस बात से अवगत होना चाहिए कि हांगकांग में हमारा मैच काफी चुनौतीपूर्ण होगा। हमारे पास तैयारी करने और जीत कर तीन अंक हासिल करने की कोशिश करने का समय है। भारत को 2027 एशियाई कप क्वालीफाइंग तीसरे दौर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है। घरेलू और दूसरे टीम के घर में कुल छह मैच खेलने के बाद केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए क्वालीफाई करती है। सिंगापुर और हांगकांग ने भी अपना शुरूआती मैच गोलरहित ड्रॉ खेला था। ऐसे में अंक तालिका में सभी टीमें बराबरी पर है। सिंगापुर 10 जून को बांग्लादेश का सामना करने के लिए ढाका की यात्रा करेगा।

पीसीबी ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आजम, रिजवान और शाहीन को शामिल नहीं किया

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। हैरानी की बात है कि इस 16 सदस्यीय टीम में तीन स्टार खिलाड़ियों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को शामिल नहीं किया गया है। इस टीम की कप्तानी सलमान अली आगा को दी गयी है। तीन मैचों की टी20 सीरीज लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेली जाएगी। सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा अभी होनी है। पीसीबी ने बताया कि टीम का चयन मौजूदा पीएसएल 2025 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। नये कोच माइक हेसन के मार्गदर्शन में पहली बार पाक टीम उतरेगी। इस सीरीज से चोट से उबरने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सैम अयूब वापसी करेंगे। सैम ने अंतिम बार पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2024 में खेला था। उस मैच में उन्होंने शतक लगाया था पर इसके बाद वह चोटिल होने के कारण क्रिकेट से दूर हो गये थे। हालांकि, अब उनके आने से शीर्ष क्रम बेहतर होगा। इस दौरे के लिए अभी तक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टीम की घोषणा नहीं की है। उसका कहना है कि वह पाक के सुरक्षा हालातों पर नजर रखे हुए हैं।

पाक टीम इस प्रकार है - सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर) और सैम अयूब।

शतक लगाने के बाद 4 दिन मोबाइल बंद रखा, देखा तो 500 मिस्ड कॉल थीं: वैभव सूर्यवंशी

लखनऊ (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने खुलासा किया कि आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ शतक लगाने के बाद उन्हें 500 से ज्यादा मिस्ड कॉल मिले। उन्होंने दिल्ली में चेन्नई सुपर किंग्स पर 6 विकेट की जीत के बाद राजस्थान के हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत के दौरान यह खुलासा किया। राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वह पॉइंट टेबल में सबसे नीचे पायदान पर है। राजस्थान रॉयल्स ने 2025 आईपीएल नीलामी में वैभव सूर्यवंशी को ?1.1 करोड़ में खरीदा। वह शुरूआती मैचों में खेल नहीं पाया। फिर जब सैमसन चोटिल हुए तो उन्हें खेलने का मौका मिला।

सूर्यवंशी ने अपने तीसरे ही आईपीएल मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ़ 38 गेंदों पर 101 रन की धमाकेदार पारी खेली। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने सिर्फ 35 गेंदों में आईपीएल शतक बनाने वाले सबसे तेज भारतीय खिलाड़ी बन गए। बहरहाल, कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि सूर्यवंशी ने उन्हें बताया कि उस दिन (शतक) उन्हें 500 से ज्यादा मिस्ड कॉल मिले। सूर्यवंशी ने कहा कि मुझे 500 से ज़्यादा मिस्ड कॉल मिले, लेकिन मैंने अपना फोन बंद रखा था। मेरे शतक बनाने के बाद बहुत से लोग संपर्क कर रहे थे। लेकिन मुझे यह (बहुत ज्यादा लोगों का होना) पसंद नहीं है। मैं दूर रहने की कोशिश करता हूं। मैंने अपना फोन 4 दिनों तक बंद रखा था; मैंने आपको बताया था। मुझे घर पर अपने लोगों और कुछ दोस्तों के साथ रहना पसंद है। बस इतना ही।

राहुल द्रविड़ ने आईपीएल में अपने पहले सीजन के लिए वैभव सूर्यवंशी की सराहना की। द्रविड़ ने 14 वर्षीय वैभव को कड़ी ट्रेनिंग करने और अपने खेल को विकसित करने की सलाह दी, साथ ही चेतावनी दी कि गेंदबाज उनका बारीकी से अध्ययन करेंगे और अगले सीजन में बेहतर तरीके से तैयार होकर लौटेंगे। द्रविड़ ने कहा कि यह एक शानदार सीजन था। आपने जो किया, उसे करते रहें, अच्छा खेलें, अच्छी ट्रेनिंग करें। लेकिन यह ध्यान रखें कि अगले साल, ये सभी गेंदबाज आपके खिलाफ ज्यादा तैयार होकर आएंगे। इसलिए हमें भी तैयारी करनी होगी, कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और ज्यादा कौशल विकसित करने होंगे। बढ़िया काम किया। राजस्थान रॉयल्स ने 14 मैचों में सिर्फ 4 जीत हासिल की।

पिता राजीव गांधी को याद कर राहुल ने लिखा- आपके अधूरे सपने पूरे करना मेरा संकल्प

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज एक भावुक पोस्ट लिखी है। उन्होंने पिता स्व.राजीव गांधी का स्मरण करते हुए लिखा कि आपके अधूरे सपनों को पूरा करना ही मेरा संकल्प है। बता दें देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर राहुल गांधी ने लिखा कि पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर दो तस्वीरों को शेयर किया। एक तस्वीर में वह अपने पिता के साथ बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर राजीव गांधी की समाधि स्थल की है, जहां राहुल अपने पिता को हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि देते हुए नजर आ रहे हैं।

राहुल गांधी ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक संदेश भी साझा किया। उन्होंने लिखा, पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा। इससे पहले कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने लिखा, स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वीर भूमि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व ने हमारे राष्ट्र की नींव को बदल दिया, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित है। उनकी स्थायी विरासत हमारे दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करती रहती है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज उनकी पुण्यतिथि पर मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी राजीव गांधी को याद किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि। राजीव गांधी एक दूरदर्शी व्यक्ति थे और भारत के लिए शहीद हो गए। बता दें कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज पुण्यतिथि है। 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक आत्मघाती हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी।

सेना के सम्मान में 25 मई से देशभर में जय हिंद सभा करेगी कांग्रेस

-सीजफायर में तीसरे पक्ष पर केंद्र सरकार से होगा सवाल

नई दिल्ली। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी ने बुधवार को प्रेसवार्ता की। कर्नल चौधरी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी सेना के सम्मान में 25 मई से देश भर में जय हिंद सभा करने जा रही है। इस दौरान सैनिकों पूर्व सैनिक को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही एनडीए सरकार से कुछ सवालों के जवाब भी मांगे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सभी विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाकर केंद्र सरकार का हर फैसले में समर्थन किया है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी की तीन बैठकें हुईं और तीनों में फैसला हुआ कि मोदी सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, हम उसका समर्थन करने वाले हैं, और कांग्रेस ने वैसा ही किया। सुरक्षा एजेंसियों के पास आतंकी हमले का इनपुट था, हमारे वीर सैनिकों ने आतंकियों के 9 ठिकानों को ही तबाह नहीं किया, बल्कि सरहद पार से हुए हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। लेकिन, इसी बीच थर्ड पार्टी के द्वारा सीजफायर हुआ। इसकारण विपक्ष होने के नाते हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम सरकार से मामले में सवाल पूछें कि ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सुरक्षा तंत्र का फेल होने का नतीजा था। वह कैसे हुआ, जबकि इसके पहले 17 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर जाने वाले थे। लेकिन सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद उनका दौरान रद्द किया गया था।

कोलकाता के आसमान में संदिग्ध ड्रोन के मंडराने से हड़कंप, सेना और पुलिस जांच में जुटी

-ममता सरकार से केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के आसमान में 8–10 संदिग्ध ड्रोन के मंडराने से हड़कंप मच गया। ये संदिग्ध ड्रोन हेस्टिंग्स, विद्यासागर सेतु, फोर्ट विलियम और पार्क सर्कस जैसे संवेदनशील इलाकों के ऊपर दिखाई दिए। मामले की गंभीरता को देखकर कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस जासूसी सहित हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। पुलिस अधिकारी ने बताया, इन ड्रोन जैसे ऑब्जेक्ट्स को सबसे पहले हेस्टिंग्स पुलिस स्टेशन के कर्मियों ने देखा। ये संदिग्ध ड्रोन दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला की दिशा से आते हुए दिखाई दिए। ये हेस्टिंग्स क्षेत्र, सेकेंड हुगली ब्रिज (विद्यासागर सेतु) और फोर्ट विलियम (सेना के पूर्वी कमांड मुख्यालय) के ऊपर मंडराते दिखाई दिए। इसके बाद इन्हें पार्क सर्कस इलाके में भी देखा गया, जिसके बाद ये गायब हो गए। राज्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना पर केंद्र सरकार ने भी रिपोर्ट तलब की है। मामले को लेकर रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी किया है। पूर्वी कमांड ने कहा, हमें मीडिया से कुछ जानकारी मिली है कि आसमान में ड्रोन गतिविधि देखी गई है। हम इस जानकारी की सत्यता की जांच कर रहे हैं।

अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

अंबाला (एजेंसी)। हरियाणा के अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद डीसी ऑफिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह धमकी सुबह आधिकारिक ईमेल के द्वारा मिली थी। वहीं, पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। डीसी अंबाला ने बताया कि बुधवार सुबह डिप्टी कमिश्नर अंबाला के आधिकारिक ईमेल पर मेल आया जिसमें अंबाला के डीसी ऑफिस को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद डीसी ऑफिस की ओर से मामले में पुलिस को शिकायत दी गई। इस दौरान पुलिस टीम के साथ बम निरोधक दस्ता भी डीसी ऑफिस पहुंचा और जांच की। लेकिन उन्हें ऐसा कोई सामान नहीं मिला जिससे शक हो सके। डीसी ने बताया कि मामले में अब ईमेल पुलिस विभाग को उपलब्ध कराया गया है। अब वे जांच कर रहे हैं कि यह ईमेल कहां से आया और किसने भेजा। उन्होंने कहा कि जैसे ही हमने यह ईमेल देखा तो हमें लगा कि यह गलत है लेकिन फिर भी सावधानी के तौर पर हमने इसकी जांच करवाई। जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अंबाला पुलिस जल्द ही ईमेल भेजने वाले को गिरफ्तार कर लेगी।

गोवा में दो दिन से जारी हैं भारी बारिश का दौर, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। इसके चलते मौसम विभाग (आईएमडी) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में बुधवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उधर, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीटवेव और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के लिए लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड तैयार किए गए हैं। हीटवेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए तैयार हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, दक्षिण–पश्चिम मानसून अगले चार–पांच दिनों में केरल पहुंच सकता है, जबकि पूर्वानुमान 27 मई का है। यदि ऐसा होता है तब 2009 के बाद से समय से पहले दस्तक देने वाला पहला मॉनसून होगा। 2009 में 23 मई को ही केरल में मॉनसून पहुंच गया था। विभाग के मुताबिक आमतौर पर दक्षिण–पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर–पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से हट जाता है।

पूजा को जमानत देकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सब कुछ खो दिया है, अब कहीं नौकरी नहीं मिलेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। विवादों में घिरी ट्रेनी आईएसएस पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अग्रिम जमानत दी। जस्टिस बी वी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने पूजा को जांच में सहयोग करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पूजा ने कौन सा बड़ा अपराध किया। वह कोई ड्रग माफिया या आतंकवादी नहीं है। उन पर हत्या (धारा 302) का आरोप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपके पास कोई सिस्टम या सॉफ्टवेयर होना चाहिए, जिससे इस तरह की जांच समय पर हो। पूजा ने सब कुछ खो दिया है, अब कहीं नौकरी नहीं मिलेगी। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने पहले ही जमानत देनी चाहिए थी। दिल्ली पुलिस के वकील ने जमानत का विरोध कर कहा कि पूजा जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं।

पाकिस्तान की सरकार आंतकवाद को फंडिंग करती है : संजय झा

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के आतंकवाद विरोधी वैश्विक अभियान के तहत पहला प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जापान रवाना होगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय झा ने इस बारे में बात की। उन्होंने डेलिगेशन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जाहिर किया। जदयू सांसद झा ने कहा दो बातें हैं। पहली, देश दशकों से आतंकवाद झेल रहा है। यह आतंकवाद हमेशा सीमा पार पाकिस्तान से आया है। यह कोई छुपी हुई बात नहीं है। अतीत में, चाहे 2008 का मुंबई हमला हो या पुलवामा हमला, भारत ने हमेशा सारी जानकारी दुनिया के साथ साझा की। पाकिस्तान की सरकार आतंकवादियों को फंड करती है, सेना के जरिए प्रशिक्षण देती है, योजना बनाकर अंजाम देती है। उन्होंने कहा, यह भारत के खिलाफ एक प्रॉक्सी युद्ध की तरह है। अब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में साफ कह दिया है कि बहुत हो चुका। जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, उनमें सारी जानकारी है।

हरियाणा के यूट्यूबर पर क्यों मेहरबान हो रही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई

–ज्योति, विकास श्योराण, ऋतु खोखर, पवन टोकस और नवांकुर शामिल

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा से अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें सबसे चर्चित हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा है, जो ट्रैवल विद जो यूट्यूब चैनल चलाती थी।

ज्योति पाकिस्तान के नेशनल डे पर वहां की एंबेसी में इफ्तार पार्टी में शामिल हुई थी। ज्योति ने अपने चैनल पर इसका वीडियो डाला था, जिसमें पाकिस्तान के वेलकम करने की खूब तारीफें की थीं। इन वीडियोज की वजह से ही वह सुरक्षा एजेंसियों की नजर में आई।

ज्योति के अलावा विकास श्योराण व उनकी पत्नी ऋतु खोखर के अलावा पवन टोकस व उनकी पत्नी ऋतु सांगवान और रोहतक के नवांकुर शामिल हैं। ये सभी पिछले एक-दो साल के दौरान पाकिस्तान घूमने गए हैं। खास बात यह है कि हर किसी ने अपने तरीके से पाकिस्तानी एंबेसी की तारीफ की है। विकास श्योराण ने कहा है कि हमने 5 दिन का वीजा मांगा था, हमें एक महीने का दिया गया।

उधर, पाकिस्तान के साथ ज्योति का कनेक्शन सामने आने के बाद हरियाणा की नायाब सरकार अब पाकिस्तान का गुणगान करने वाले यूट्यूबरों पर सख्ती करने की तैयारी में है। इसके लिए बाकायदा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) बनाया जाएगा।

दरअसल नवांकुर यूट्यूब पर यात्री डॉक्टर के नाम से चैनल चलाते हैं। नवांकुर ने भी पाकिस्तान की यात्रा कर उसका वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया था। वीडियो में वे ज्योति मल्होत्रा के साथ भी दिखाई दिए। इसी के बाद से वे पुलिस की रडार पर आ गए हैं। हालांकि, वे भारत में नहीं है, लेकिन वे अपने यूट्यूब चैनल पर लाइव आकर 2 बार इस बारे में सफाई दे चुके हैं।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड फिर से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ शुरू करेगा आंदोलन

लखनऊ (एजेंसी)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ 'तहफ्फुज-ए-अवकाफ' मुहिम का फिर से आगाज करने का फैसला किया है। याद रहे कि आपरेशन सिंदूर और देश में आपात स्थिति के मददेनजर बोर्ड ने 16 मई तक सार्वजनिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया था। बोर्ड ने आंदोलन को बहाल करते हुए देश के प्रमुख शहरों के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ऑल इंडिया तहफ्फुज-ए-अवकाफ कमेटी के संयोजक डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने बताया कि आपरेशन सिंदूर के बाद देश में आपात स्थिति के मददेनजर बोर्ड ने सार्वजनिक सभाएं, धरने और रैलियों को स्थगित कर दिया था। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने वक्फ बचाओं आंदोलन के तहत होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए बोर्ड का का मुख्य फोकस बिहार पर रहेगा। बोर्ड ने बिहार के विभिन्न शहरों में कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी इमारत-ए-शरिया बिहार-ओडिशा व झारखंड को दी है। इमारत ए शरिया पटना, अररिया, किशनगंज, भागलपुर, बेगूसराय, सहरसा, मधुबनी, सिवान और दरभंगा आदि जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

उन्होंने बताया कि हैदराबाद में 22 मई को महिलाओं के लिए जनसभा होगी। तेलंगाना के निजामाबाद में 30 मई को जनसभा का आयोजन होगा। महाराष्ट्र के जलगांव में 23 मई, नांदेड़ में 24 मई और औरंगाबाद में 25 मई को सभा का आयोजन होगा। इसके अलावा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों की तैयारियां फिर से शुरू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार द्वारा फैलाए गए भ्रम को दूर किया जाएगा।

बाबा बागेश्वर ने पाकिस्तान को बताया बिगड़ी औलाद और हिंदू राष्ट्र के लिए पदयात्रा का किया ऐलान

मुजफ्फरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक बार फिर तीखे शब्दों में पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने पाकिस्तान को बिगड़ी औलाद बताते हुए कहा कि अगर वह नहीं सुधरा, तो भारत उसे फिर सबक सिखाएगा। यहां बाबा बागेश्वर ने कहा कि भारत की बेटियों ने पाकिस्तान को पहले ही सीधा कर दिया है। अगर बेटों के हाथ में कमान दी गई, तो नतीजा और भी कड़ा होगा। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को दुनिया में अलग–थलग किया जाना चाहिए। अगर पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, तो आगे भी सख्त जवाब दिया जाएगा।

हिंदू राष्ट्र के लिए पदयात्रा का ऐलान– आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वह भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए 7 नवंबर से 10 दिवसीय पदयात्रा करेंगे। यह यात्रा नई दिल्ली से शुरू होकर वृंदावन (131 किमी) तक जाएगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल धर्म की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना जगाने का प्रयास है। इस दौरान बाबा बागेश्वर ने जातिवाद की राजनीति को देश की प्रगति में बाधक बताया। उन्होंने कहा, कि जातिवाद नहीं, राष्ट्रवाद की बात होनी चाहिए। जो नेता जातियों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, उन्हें जनता सबक सिखाए। बाबा बागेश्वर ने बागेश्वर धाम में बन रहे कैंसर अस्पताल को लेकर कहा कि इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और 2027 में उन्हीं के हाथों इसका उद्घाटन भी होगा। बाबा ने कहा कि बागेस्वर मंदिर सिर्फ धार्मिक स्थान नहीं रहेगा, बल्कि गरीबों की स्वास्थ्य सेवा का भी केंद्र बनेगा।

सवालों का जवाब देने से बच रहे पीएम मोदी, इसलिए विदेश भेज रहे प्रतिनिधिमंडल

सांसदों को विदेश भेजने को लेकर कांग्रेस नेता जयराम ने किया दावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सर्वदलीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल विदेश जाने वाला है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने दावा किया है कि पीएम मोदी ने सभी दलों के सांसदों को विदेश भेजने के फैसले के बारे में इसलिए सोचा ताकि वह उन कठिन सवालों का जवाब देने से बचे रहें, जिनके लिए उन्हें वहां बुलाया जा रहा है। जयराम के मुताबिक वैश्विक स्तर पर पीएम मोदी की छवि खराब हो चुकी है।

पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रमेश ने लिखा- 1950 के दशक के बाद कई राजनीतिक दलों के सांसदों को अक्टूबर-नवंबर में संयुक्त राष्ट्र भेजा जाता रहा है लेकिन पीएम मोदी ने 2014 में इस परंपरा को बंद कर दिया था। लेकिन अब जबकि वह हताश हैं, तो अचानक से उन्हें सभी पार्टियों के सांसदों की याद आई। रमेश ने कहा कि पीएम मोदी ने यह फैसला लिया क्योंकि वह वैश्विक और घरेलू स्तर पर पूछे जाने वाले सवालों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। वैश्विक स्तर पर पीएम मोदी की छवि को धक्का लगा है।

रमेश ने पूर्व पीएम अटल बिहारी का एक वीडियो साझा करते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा है। इस वीडियो में अटल बिहारी कह रहे हैं कि कैसे पूर्व पीएम राजीव गांधी ने उन्हें विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया था, जिससे विदेश में उनका इलाज हो सके। वीडियो के कैप्शन में जयराम ने लिखा- मनुष्य के प्रमुख गुण अच्छाई, शालीनता और मानवता होते हैं...यह गुण नरेंद्र मोदी में मौजूद नहीं हैं। इस वीडियो के जरिए हम किसी प्रधानमंत्री के मार्मिक और सुलझे हुए रूप को समझ सकते हैं, जो कि उनके धुर-विरोधी और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने खुद बताए थे।

बता दें शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि सरकार ने उससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए प्रतिनिधिमंडलों में शामिल करने के लिए चार सांसदों के नाम भेजने के लिए कहा था। इस पर कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के नाम भेजे थे, लेकिन सरकार ने इसमें से केवल आनंद शर्मा को ही शामिल किया। चार कांग्रेस नेता, जिनके नाम कांग्रेस द्वारा नहीं सुझाए गए थे उन्हें भी इस सूची में शामिल किया गया है। इसमें शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद का नाम शामिल है।

कांग्रेस ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह वही प्रधानमंत्री हैं जो ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों में कांग्रेस की सार्वजनिक आलोचना की है। अब वह कांग्रेस की ही मदद ले रहे हैं।

अब अमेरिका में डंकी रुट से भेजने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

– ट्रैवल एजेंसियां यात्रा और इमिग्रेशन के नाम पर कर रहीं लोगों का शोषण

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने अवैध इमिग्रेशन पर लगाम लगाने सख्त कदम उठाया है। अमेरिका के विदेश विभाग ने भारतीय ट्रैवल एजेंसियों के मालिकों, सीनियर अधिकारियों और एक्सिक्युटिव्स वीजा पर रोक लगा दी है। इन ट्रैवल एजेंटों पर आरोप है कि इन्होंने भारतीय नागरिकों को गुमराह कर गलत और गैरकानूनी तरीकों से अमेरिका भेजने का प्रयास किया। ये एजेंसियां यात्रा और इमिग्रेशन की मदद के नाम पर लोगों का शोषण कर रही थीं। अमेरिकी सरकार ने साफ कहा है कि जो भी लोग मजबूर या भोले-भाले लोगों को अवैध तरीके से देश में लाने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन की उस मुहिम का हिस्सा है, जिसमें अवैध इमिग्रेशन नेटवर्क्स को खत्म करने का प्रयस किया जा रहा है। इस कदम से यह संदेश जाता है कि अब ऐसे किसी भी गैरकानूनी काम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत में स्थित और ऑपरेट करने वाली कई ट्रैवल एजेंसियों के मालिकों, सीनियर अधिकारियों और टॉप मैनेजमेंट पर वीजा पाबंदी लगाने का ऐलान किया है।

स्टेटमेंट में कहा है कि ये ट्रैवल एजेंसियां जानबूझकर भारतीय नागरिकों को अवैध तरीके से अमेरिका भेजने में मदद कर रही थीं।

यूएस मिशन इंडिया के कांसुलर अफेयर्स और डिप्लोमैटिक सिक्योरिटी सर्विस की टीम हर दिन अमेरिकी एम्बेसी और कांसुलेट्स के ज़रिए ऐसे लोगों की पहचान कर रही है जो गैरकानूनी इमिग्रेशन, ह्यूमन स्मगलिंग और ट्रैफिकिंग जैसे मामलों में शामिल है। अमेरिका ने कहा है कि ये वीज़ा बैन सिर्फ आम वीज़ा अप्लिकेंट्स पर ही नहीं, बल्कि क्वालिफाई करने वाले लोगों पर भी लागू होगा। यह एक ग्लोबल पॉलिसी है, यानी दुनिया के किसी भी कोने में ऐसे मामलों में लिप्त लोगों पर यह नियम लागू किया जा सकता है। यूएस स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा कि उनका मकसद सिर्फ विदेशी नागरिकों को अवैध इमिग्रेशन के खतरों से अवगत कराना नहीं है, बल्कि उन लोगों को भी जवाबदेह ठहराना है जो ऐसे गैरकानूनी रास्ते अपनाते हैं।

एशियाई शेरों की गणना के नतीजे घोषित : 5 साल में 217 की वृद्धि, जानें कितनी हुई आबादी?

गांधीनगर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को गांधीनगर में राज्य में कराई गई 16वीं एशियाई शेरों की गणना के आंकड़ों की गौरवपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि राज्य में शेरों की अनुमानित संख्या 891 हो गई है। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में अधिक जानकारी देते हुए कहा कि इस 16वीं गणना के आंकड़ों के अनुसार एशियाई शेरों की कुल संख्या 891 पाई गई है, जिसमें 196 नर, 330 मादा और उप-वयस्क तथा शावक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के वन विभाग की ओर से हर पांच साल में 'डायरेक्ट बीट वेरिफिकेशन' यानी ब्लॉक काउंट पद्धति से शेरों की आबादी की गणना की जाती है। इस वर्ष 10 से 13 मई के दौरान 11 जिलों की 58 तहसीलों के 35 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वनकर्मियों, सरपंचों एवं ग्रामीणों सहित 3854 लोग गणना के इस कार्य में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा शेरों की आबादी के आंकड़ों की घोषणा के अवसर पर वन मंत्री मुळुभाई बेरा, राज्य मंत्री मुकेश पटेल, मुख्य सचिव पंकज जोशी और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एम.के. दास भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में राज्य में शेरों की आबादी का अनुमान लगाने पिछली परंपरागत पद्धति को बदलकर 'टोटल काउंट बाई डायरेक्ट साइटिंग एट ब्लॉक सिस्टम' पद्धति कार्यान्वित की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एशियाई शेरों के दीर्घकालिक संरक्षण एवं संवर्धन के लिए की गई 'प्रोजेक्ट लायन' की घोषणा के अंतर्गत हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक में 'प्रोजेक्ट लायन 2047' के भविष्योन्मुखी आयोजन के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोजेक्ट लायन 2047 शेरों की देखभाल, संवर्धन और संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को बेहतर तरीके से साकार करेगा। मुख्यमंत्री ने यह साफ किया कि भौगोलिक परिस्थिति और जलवायु की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वन्य प्राणी संरक्षण के प्रति सरकार के सतर्क और सतत दृष्टिकोण से ही शेरों की आबादी में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कहा कि 2001 में शेरों की संख्या 327, 2005 में 359, 2010 में 411, 2015 में 523 और 2020 में 674 थी, जो अब बढ़कर 891 हो गई है।

मुख्यमंत्री ने शेरों की आबादी का अनुमान लगाने में उपयोग में ली गई गई मॉडर्न टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार से बताया। व्यक्तिगत पहचान में मदद के उद्देश्य से तस्वीरें लेने के लिए डिजिटल कैमरे और कैमरा ट्रैप्स जैसे विभिन्न तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया गया। कुछ शेरों को रेडियो कॉलर भी लगाया गया था, जिससे उस शेर और उसके समूह की लोकेशन का पता लगाने में मदद मिली थी। इसके अलावा, शेर अवलोकन की रीयल टाइम डेटा एंट्री करने में 'ई-गुजफॉरेस्ट' एप्लीकेशन सहायक सिद्ध हुआ, जिसमें जीपीएस लोकेशन और तस्वीरों का समावेश होने से सटीकता और दक्षता में वृद्धि हुई। जीआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग सर्वेक्षण क्षेत्रों को रेखांकित करने और शेरों की गतिविधियों, वितरण पैटर्न और आवास उपयोग को ट्रैक करने के लिए विस्तृत नक्शा विकसित करने में किया गया। आवश्यकता पड़ने पर तस्वीरों का उपयोग कर शेरों की व्यक्तिगत पहचान करने में सक्षम एआई-आधारित सॉफ्टवेयर का भी उपयोग किया गया है।

प्रारंभ में वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार ने वन विभाग द्वारा शेरों की जनसंख्या का अनुमान लगाने के लिए त्रिस्तरीय काउंट पद्धति से किए गए डेटा एनालिसिस और रीयल लायन ट्रैकिंग की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख डॉ. ए.पी. सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षण डॉ. जयपाल सिंह और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पेयजल समस्याओं को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी, उपभोक्ता कर सकते है पानी को लेकर शिकायत, विभाग ने जारी किए नंबर

मरुधर विशेष

बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर।जलदाय विभाग द्वारा पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संपर्क सूत्र जारी किए गए हैं जिससे आम उपभोक्ता आसानी से विभाग से संपर्क कर सकता है और समस्याओं के संबंध में विभाग को अवगत करवा सकता है ताकि समय पर समाधान किया जा सके । विभाग के अधिशाषी अभियंता सिद्धार्थ मीणा ने बताया कि इसका उद्देश्य खंड के अधीन पेयजल योजनाओं के अमृत 2.0 जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के सुचारू रूप से संचालन /उपभोक्ता या आम नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए आसानी से संपर्क कर सकते है। इससे उपभोक्ता या आम नागरिकों के लिए बिना देरी के सही अधिकारियों तक पहुंच बनाना आसान होगा। अधिकारियों को हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। आम उपभोक्ता सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग उपखंड बानसूर /नारायणपुर 8279100737, कनिष्ठ अभियंता अनुभव उपखंड बानसूर/रामपुर 8279100780, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग उपखंड नारायणपुर 8279100791 पर संपर्क करके समस्याओं के संबंध में अवगत करवा सकते हैं।

रामपुर को मिली बड़ी सौगात, 1.88 करोड़ रूपये की लागत से अटल पथ का होगा निर्माण

मरुधर विशेष

बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर । क्षेत्र के रामपुर कस्बे में विधायक देवीसिंह शेखावत की अनुशंषा पर अटल पथ का बानसूर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर में निर्माण करवाया जाएगा। जिसको लेकर विभागीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। Pwd विभाग के एईएन शेरसिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि ने बताया कि बजट 2025-26 में पांच हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम में अटल पथ निर्माण की घोषणा की अनुपालना में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बानसूर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर कस्बे में 1 करोड़ 88 लाख रूपये की लागत से पुराना एस बी आई बैंक से रामपुर बस स्टैण्ड (शर्मा जी के मकान तक)वाया कल्याण जी का मंदिर, खातियों का मोहल्ला तक सीसी सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 88 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा इस सड़क निर्माण के लिए शीघ्र ही निविदा आमंत्रित कर निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। अटल पथ के लिए सीसी रोड की स्वीकृति जारी होने पर रामपुर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक शेखावत का आभार जताया है।

सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्वागत अभिनंदन

मरुधर विशेष

हीराराम सेजू पचपदरा पचपदरा सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में अतिरिक्त सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोतरा श्रीमती सोनल लालवाणी को राजस्थान उच्च न्यायालय के द्वारा पीठासीन अधिकारी के पद पर कोर्ट कैंप हेतु पद स्थापित होने पर पचपदरा बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट महेश कुमार खारवाल ने साफा पहनाकर एवं बार सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पचपदरा बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट महेश कुमार खारवाल उपाध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र कुमार गहलोत पुस्तकालय अध्यक्ष कनवर सिंह चारण सचिव गोविन्द नारायण कुमावत कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार पालीवाल एडवोकेट लुणसिंह खारवाल वीरम सिंह महेचा मदन गोपाल खारवाल कमलेश पालीवाल सचिन खारवाल न्यायालय स्टॉफ अर्जी नवीस जीवाराम माली उपस्थित थे।

समाजसेवी सुशील गर्ग ने उठाया एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के छात्रावास की मरम्मत का जिम्मा

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए समाजसेवी सुशील गर्ग ने हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के छात्रावास की मरम्मत कार्य अपने खर्च पर उठाएंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि समाजसेवा के कार्यों में हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहने वाले समाजसेवी सुशील गर्ग ने एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के छात्रावास में शौचालय, मरम्मत सहित अन्य कार्य करवाने के लिए सहमति जताई है। मरम्मत कार्य में भवन की संरचनात्मक मजबूती, जल निकासी प्रणाली, स्वच्छता सुविधाओं सहित अन्य मरम्मत कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, हनुमानगढ़ के अध्यक्ष सुशील गर्ग ने बताया कि इस कार्य के लिए योग गुरु रवि चौहान ने उन्हें प्रोत्साहित किया। डॉ. शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलना अत्यंत आवश्यक है। बेहतर आवासीय सुविधाएं उन्हें अपने अध्ययन और प्रशिक्षण में पूरी तरह समर्पित रहने में सहायता करेंगी। डॉ. नवनीत शर्मा ने इस पहल के लिए सुशील गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे न केवल छात्रावास की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि छात्रों का मनोबल भी बढ़ेगा। इस दौरान योग गुरु रवि चौहान, एएनएम संतोष एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

जहाडू गांव पहुंचा दलित अधिकार केन्द्र का जांच दल, जुटाए साक्ष्य

मरुधर विशेष

कठूमर (दिनेश लेखी)। उपखंड क्षेत्र के गांव जहाडू में दलित अधिकार केन्द्र के जिला समन्वयक शैलेष गौतम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच दल द्वारा गांव जहाडू पुलिस थाना बहतुकलां के दलित पीड़ितों पर नामजद दबंग आरोपियों द्वारा जानलेवा हमला करने, आगजनी करने, पीड़ितों की आराजी पर जबरन कब्जा करने, दलित पीड़ितों के घूड़े को चोरी करने, दलित महिलाओं को बेआबरू करने तथा अश्लील व लैंगिक एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के प्रकरण में दलित समुदाय, दलित पीड़ितों एवं गवाहों के बयान दर्ज कर दस्तावेजों का संकलन किया गया। केन्द्र के जिला समन्वयक शैलेष गौतम ने बताया कि दिनांक 16.05.2025 को दलित पीड़िता कूड़ा डालने गई तो वहां पर नामजद दबंग आरोपियों द्वारा दलित पीड़ितों के घूड़े को जबरन व बलपूर्वक चोरी कर लिया, उलाहना देने पर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए मारपीट की गई। बचाने आए पीड़िता की बुजुर्ग सास को आग में जलाने का प्रयास किया और उसे भी बेअदब कर दिया गया। आरोपी अमीलाल, हरी, हुकम सिंह, दिनेश, बर्फी व अनीता आदि ने हथियारों से लैस होकर पीड़िता व उसकी सास, चचेर सास, ससुर, देवर व दलित परिवारों पर जानलेवा हमला कर दिया एवं मारपीट करते हुए महिलाओं को बेअदब करने, जान से मारने की धमकी देने, आराजी पर जबरन कब्जा करने तथा लैंगिक एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने की घटना कारित की गई। उक्त घटना की दिनांक 16.05.2025 को नामजद आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना बहतुकलां, जिला अलवर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई। पीड़ितों का मैडिकल मुआयना हो चुका है बावजूद इसके जांच अधिकारी द्वारा उक्त गंभीर प्रकरण में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। जांच अधिकारी द्वारा अभी तक दलित पीड़ितों एवं गवाहों के बयान तक दर्ज नहीं किये जा रहे हैं, ना ही घटना स्थल का अभी तक मौका मुआयना किया गया है और ना हीं नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिसके कारण आरोपियों के हौसले बुलन्द है। केन्द्र के जिला समन्वयक ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच दल ने समस्त आरोपियों को अविलम्ब गिरफ्तार करने, घटना में इस्तेमाल किए गए हथियारों को अविलम्ब जप्त करने, घटना की वीडियो एवं सीडीआर को साक्ष्य के रूप में सम्मिलित करने, समस्त पीड़ितों एवं गवाहों के अविलम्ब बयान दर्ज करने, जांच अधिकारी द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना करने, एससी एसटी एक्ट की धारा 15 (क) अन्तर्गत दलित पीड़ितों, पीड़ित परिवार एवं गवाहों को पुलिस संरक्षण व सुरक्षा प्रदान करने, नियम 15(क)(10) के अन्तर्गत समस्त प्रकरण की जांच के दौरान वीडियोग्राफी करने, नियम 7(2)(1) के अन्तर्गत संपूर्ण जांच कर 60 दिवस के भीतर संबंधित न्यायालय में चालान पेश करने, नियम 12(4) के अन्तर्गत दलित पीड़ितों को 7 दिवस के भीतर आर्थिक मुआवजा उपलब्ध करवाने इत्यादि की मांगे की गई।

जांच दल में केन्द्र के जिला समन्वयक शैलेष गौतम, सामाजिक कार्यकर्ता बनेसिंह जाटव, मंजू देवी आदि सम्मिलित रहे।

एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

कैमरा कंपनी को शहरी क्षेत्र में कार्य शुरू करने से पहले नियमानुसार कार्य स्वीकृति लेने को किया पाबंद

मरुधर विशेष

कोटपूतली, विगत दिनों स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार टेलीकॉम कंपनी द्वारा बिना अनुमति खोदी सड़क, शहर की बिजली व पानी व्यवस्था को लेकर बुधवार को कोटपूतली एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सहायक अभियंता, जेवीवीएनएल, सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, प्रोग्रामर, व सावित्री टेलीकॉम (कैमरा कंपनी) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन कर चर्चा की गई। बैठक में सावित्री टेलीकॉम कंपनी को पाबंद किया गया कि भविष्य में शहरी क्षेत्र में कार्य शुरू करने से पहले नियमानुसार कार्य स्वीकृति लें। जिससे शहर में अनावश्यक पानी की व्यवस्था, बिजली व्यवस्था व आमजन को असुविधा ना हो। साथ ही कंपनी को पाबंद किया गया कि कार्यरत साईट्स व आगामी साईट्स की लिस्ट भी संबंधित विभागों के साथ साझा करें और आपसी समन्वय कर ही कार्य की शुरुआत की जायें। बैठक में थाना क्षेत्र कोटपूतली के पीछे के क्षेत्र में पानी लिकेज समस्या को भी तुरंत मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश भी संबंधित कंपनी व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को दिये गये। साथ ही शहर में बिजली व पानी व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिये गये। ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

बानसूर में तिरंगा यात्रा निकाली, सेना के शौर्य को सलाम किया

मरुधर विशेष

बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर ।बुधवार को विधायक देवीसिंह शेखावत के नेतृत्व में सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और भारतीय सेना के जज्बे को सलाम किया। इस दौरान तिरंगा यात्रा बानसूर कस्बे के नारायणपुर रोड़ मुंसिफ कोर्ट से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई रामलीला मैदान तक पहुंची जहां राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह यात्रा भारतीय सेना ने जिस तरह पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर चलाया और पाकिस्तान को घुटनों के बल गिरा दिया। हमारी सेना के शौर्य को सभी देशवासी सलाम करते है। जिसको लेकर आज बानसूर में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा बानसूर विधानसभा के प्रत्येक मंडल स्तर, गांव और ढाणियों में निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि 'तिरंगा यात्रा' में सम्मिलित होकर देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह यात्रा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति जनआस्था तथा हमारे सशस्त्र बलों के प्रति अटूट सम्मान की जीवंत अभिव्यक्ति है। ऑपरेशन सिंदूर मात्र एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि यह भारत की नारीशक्ति के संकल्प और सिंदूर की रक्षा का साहसिक प्रतिशोध है। आज पूरा देश भारतीय सेना की वीरता, रणनीतिक दक्षता और आत्मबल को श्रद्धापूर्वक नमन कर रहा है। हमारे जवानों ने आतंकवाद के अड्डों को जिस संकल्प और सटीकता से ध्वस्त किया, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि नया भारत न तो अब चुप रहता है और न ही सहन करता है, बल्कि निर्णायक और साहसिक प्रतिकार करता है। यह तिरंगा अब हर हृदय में और अधिक गर्व से लहराएगा। हर दिशा में वीरता की गाथाएं गूंजेंगी और देश का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक सजग, समर्पित और प्रेरित होगा।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, तिरंगा यात्रा संयोजक पवन यादव, सज्जन मिश्रा, उमेद भाया, शशिकांत बोहरा,मीडिया प्रभारी विजय कुमावत, एडवोकेट नवीन यादव, नरेंद्र चौधरी, जगदीश सूद, निरंजन सैनी ठेकेदार सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए सात नमूने सबस्टैण्डर्ड पाए, एडीएम न्यायालय में केस प्रस्तुत

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित रूप से सैंपल लिए जा रहे हैं। विभाग की ओर से लिए जाने वाले सैंपल्स की रिपोर्ट आने के बाद ऐसे संस्थानों के नाम व खाद्य सामग्री के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं, जो अनसेफ व सबस्टेंडर्ड मिले हैं। पूर्व में संग्रहित किए गए खाद्य सामग्री की जांच में सबस्टैण्डर्ड पाई गई सात खाद्य सामग्री में व्यापारिक फर्मों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया कर दिया गया है।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग एवं रफीक मोहम्मद की ओर से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल्स की रिपोर्ट आई है, जिसमें सबस्टैंडर्ड पाए जाने वालों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं ताकि आमजन जागरूक बन सकें एवं ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि पूर्व में लैब रिपोर्ट में सबस्टैण्डर्ड पाए गए नमूनों के संबंध में खाद्य व्यवसायी के विरुद्ध अभियोजन पेश करने की प्रक्रिया तीव्रता से की जा रही है। इसी क्रम में संगरिया स्थित मै. ममता एजेंसी से वास्तु ब्रांड घी (15 किलो पैकिंग एवं 500 एमएल पैकिंग), तलवाड़ा स्थित मै. अनिल किरयाना स्टोर से श्री मधु भोग ब्रांड वैजीटेबल फैट, पीलीबंगा स्थित मै. कामरा डेयरी फार्म से दही, खोड़ा स्थित मै. श्रीकरणी मावा भंडार से मावा, 15 15-16 केडब्ल्यूडी स्थित मै. भैनभैरू मावा भंडार से मावा एवं किशनपुरा स्थित मै. जय हिन्द दुग्ध केन्द्र से पनीर का सैम्पल जांच रिपोर्ट में सबस्टैण्डर्ड पाए जाने पर फर्मों के संचालकों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है।

यहां दें जानकारी

डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्यस्तरीय व्हाट्स एप नंबर 9462819999 पर दें, ताकि जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैंपल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी शुद्ध, बिना मिलावटी और एक्सपायरी डेट आदि देखकर ही खाद्य पदार्थों का बेचान करें।

जनसुनवाई प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं - जिला कलेक्टर

सीएम जनसुनवाई के प्रकरण निस्तारण में लापरवाही बरतने पर केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी को नोटिस

अधिकारियों को फील्ड में उतरने के निर्देश

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर श्री काना राम ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की जनसुनवाई एवं जिला स्तरीय जनसुनवाईयों के परिवादों का 7 दिन में निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई के परिवादों की निस्तारण से पहले परिवादियों से बातचीत करें। जनसुनवाई के प्रकरणों का 7 दिन में निस्तारण नहीं करने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जिला स्तरीय अधिकारियों को फील्ड में उतरने एवं अधिक से अधिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिला कलेक्टर ने राइजिंग राजस्थान, संपर्क पोर्टल, ई फाइल डिस्पोजल, अवैध खनन पर कार्रवाई, आई गॉट कर्मयोगी, जल जीवन मिशन, लाडो प्रोत्साहन, आरजीएचएस, पंच गौरव, अमृत, स्वनिधि एवं हरियालो राजस्थान योजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री की जनसुनवाई के प्रकरण निस्तारण में लापरवाही बरतने पर जिला कलेक्टर ने केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी को नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर सहित एडीएम श्री उम्मेदी लाल मीना, जिला परिषद सीईओ श्री ओपी बिश्नोई, एडिशनल एसपी श्री जनेश तंवर, एसडीएम श्री मांगीलाल, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, आयुक्त श्री सुरेंद्र यादव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

नीमराना विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा ने संभाला कार्यभार पंचायत समिति में कर्मचारियों की समीक्षात्मक ली बैठक

मरुधर विशेष

नीमराना(सुनील मेघवाल) नीमराना विकास अधिकारी के पद पर बुधवार को नए विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। नए विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा के कार्यभार संभालने के बाद पंचायत समिति के कर्मचारी एवं अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महावीर प्रसाद यादव के द्वारा माला एवं साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद पंचायत समिति में कर्मचारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक ली। विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा ने बैठक के दौरान कर्मचारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को अधिक से अधिक लाभ देने की बात कही। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल,राजेश पंवार, दौसौद पूर्व सरपंच नवरत्न यादव, लीलाराम चौधरी, प्रवीणा सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

बूंदी जिले केशोरायपाटन सुनील मेघवाल संवाददाता

केशोरायपाटन क्षेत्र में अवैध खनन भंडारण व परिवहन के खिलाफ की औचक कारवाई

मरुधर विशेष

राज्य सरकार के संयुक्त प्रदेश देहाती अवैध खनन भंडारण व परिवहन के खिलाफ जारी अभियान के तहत एडीएम कोटा के निर्देशन में माइंस का में गोविंद शर्मा द्वारा केशोरायपाटन क्षेत्र में औचक कारवाई की। ग्राम पंचायत जयस्थल में नदी के पास सड़क निर्माण फर्म से एंड कंपनी का मिक्सर प्लांट लगा हुआ है वहां निरीक्षण पर 277.2 टन अवैध काली बाजरी का स्टॉक मिला। फर्म के पास वेद रमन्ना नहीं होने के कारण उक्त स्टॉक पर 1,44,740 रुपए का जुर्माना लगाया।

चिकित्सा विभाग की पंचायत समिति सभागार में हुई बैठक हिट वेव,मौसमी बीमारियों, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर हुई बैठक

मरुधर विशेष

नीमराना (सुनील मेघवाल) ब्लॉक नीमराना में खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमराना के द्वारा पंचायत समिति सभागार में बुधवार को ब्लॉक मीटिंग का आयोजन किया गया । शाहजहांपुर नीमराना खंड मुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश यादव ने बताया कि बैठक में ज़िला कार्यालय से ज़िला प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य अधिकारी कोटपूतली बहरोड़ डॉ अरविंद अग्रवाल व जिला नोडल अधिकारी रविकांत जाँगिड़ व खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक मीटिंग का आयोजन पंचायत समिति नीमराना सभागार में किया गया। बैठक ऑनलाइन प्रशिक्षण (ऱ्ह्वस्ध) ऐप के द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया साथ ही सभी को हीट वेव की तैयारी के लिए निर्देशित किया गया। राइज ऐप एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टीकाकरण कार्यक्रमो सुरक्षा प्रोटोकॉल और कोल्ड चेन प्रबंधन के बारे में वास्तविक समय में अपडेट प्रदान करता है यह ऐप स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और टीकाकरण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करता है।बैठक के दौरान टीकाकरण कार्यक्रम से समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा, मौसमी बीमारियों की समीक्षा, हरियालो राजस्थान के तहत पूर्व तैयारी व एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान ब्लॉक के प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र पालसिंह, समस्त परसाविका, एल एच वी व ब्लॉक कार्यालय से सभी सदस्य उपस्थित रहे।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) (राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947) 7014373732